इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण
"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -105 राजनांदगांव, गुरूवार 29 फरवरी 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# सियासी हलचल के बीच मंत्री विक्रमादित्य सिंह का यूटर्न, इस्तीफा वापस लिया

इंदौर। हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के बाद गर्म हुई सियासत अब शांत होने की ओर है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से नाराज चल रहे विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। देर शाम उन्होंने अपना इस्तीफा ले लिया, जिससे यह समझा जा रहा है कि सीएम सुक्खू ने विक्रमादित्य को मना लिया है।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बुधवार सुबह यह एलान कर सबको चौंका दिया था कि वह मंत्री पद से त्यागपत्र दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री व राज्यपाल को अपना त्यागपत्र देंगे। इस दौरान उन्होंने अपनी ही सरकार पर हमला बोलते हुए कहा था कि सरकार में वित्तीय कुप्रबंधन हो रहा है, जो ठीक नहीं है।

विक्रमादित्य ने कहा कि वीरभद्र सिंह की सबसे बड़ी ताकत यही थी कि वह अपनी शर्तों पर राजनीति किया करते थे। मैं भी उन्हीं कर तरह राजनीति करना चाहता हूं। मेरी आवाज को दबाने का प्रयास किया जाएगा, तो उनको कभी भी सहन नहीं करूंगा। 14 माह की सरकार में मंत्रिमंडल में तालमेल नहीं रहा।



### सुक्खू बोले- मेरे छोटे भाई हैं, उन्हें मना लेंगे

शाम को सीएम सुक्खू ने कहा था कि विक्रमादित्य सिंह मेरे छोटे भाई हैं। उनको मना लिया जाएगा। उन्होंने त्यागपत्र जरूर दिया है, लेकिन उसको हमने स्वीकार नहीं किया है। बुधवार सुबह विक्रमादित्य ने विधानसभा पहुंचकर कहा कि वह अपनी पार्टी में बने रहेंगे। समर्थकों के साथ विचार कर भविष्य की राजनीति तय करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनको काम नहीं करने दिया जा रहा था। वह अपने विभाग में की जा रही बिना वजह की दखल से परेशान थे। यह सब जानबूझकर हो रहा था।

### पर्यवेक्षकों के साथ बैठक के बाद सीएम बोले- हमारी सरकार सुरक्षित

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पर्यवेक्षकों के साथ बैठक संपन्न होने के बाद कहा कि हमारी सरकार सुरक्षित है। कहा कि बैठक में चुनाव से संबंधित चर्चा हुई। उधर, शिमला हिमाचल प्रदेश के शिमला में बीजेपी विधायक दल की बैठक चल रही है। पार्टी विधायक रीना कश्यप ने कहा कि जो सरकार व्यवस्था परिवर्तन की बात कर रही है, अब उनके जाने का समय आ गया है।

# गांव के लोगों को आर्थिक संबल देना मेरी प्राथमिकता, यवतमाल में पीएम मोदी बोले- शिवाजी महाराज की तरह हम भी देश...



मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में रहने वालों को आर्थिक संबल देना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जिनको कभी किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी ने पूछा है और पूजा है। यवतमाल जिले में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए लगभग दो लाख महिलाएं उपस्थित रहीं। इनमें ज्यादातर महिला बचत गट समूहों से संबंधित थीं, जिनके लिए आज प्रधानमंत्री ने 8,000 करोड़ रुपये की राशि जारी की।

प्रधानमंत्री ने विदर्भ सहित महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों की 4900 करोड़ से अधिक की कई परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। यवतमाल से जुड़ी अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार छत्रपति शिवाजी महाराज ने सत्ता पाने के बावजूद सत्ता सुख में लिप्त होने के बजाय राष्ट्र की चेतना एवं उसकी शक्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी, उसी तरह हम भी देश को बनाने और बदलने के मिशन पर निकले हैं। हमने पिछले 10 वर्षों में जो किया है, उससे अगले 25 वर्षों की नींव रख दी है। हम अपने संकल्प की सिद्धि के लिए जीवन का क्षण-क्षण और शरीर का कण-कण समर्पित करने में लगे हैं। हमारी चार बड़ी प्राथमिकताएं हैं- गरीब, किसान, नौजवान और नारी शक्ति। ये चारो सशक्त हो गए तो देश अपने आप सशक्त हो जाएगा।

### इंडी गठबंधन पर भी बरसे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी इंडी गठबंधन पर भी जमकर प्रहार किया। शरद पवार का नाम लिए बिना उन्हें घेरते हुए कहा कि जब यहीं के एक कृषि मंत्री थे, तो विदर्भ के किसानों के लिए जो पैकेज घोषित होता था, उसे बीच में ही लूट लिया जाता था। कांग्रेस की सरकार में एक रुपये में 15 पैसे ही जनता तक पहुंचते थे, जबकि आज हमारे एक बटन दबाते ही 21,000 करोड़ रुपये किसानों के खाते में पहुंच गए हैं।

### 12 परियोजनाएं हो चुकी हैं पूरी

इसकी याद दिलाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह लाभ यहां डबल इंजन की सरकार होने के कारण मिल रहा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ में अक्टूबर से मनरेगा कार्य बंद, बजट सत्र के आखिरी दिन विपक्ष ने नारेबाजी कर किया बहिगर्मन




रायपुर। विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन कांग्रेस विधायकों ने मनरेगा में काम बंद होने का मामला सदन में उठाया। इस पर विपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव पेश किया। सरकार की ओर उप मुख्यमंत्री व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने सदन को बताया कि वर्ष 2023-24 के लिए सात करोड़ मानव दिवस निर्धारित किया गया है। जरूरतमंद परिवारों को निरंतर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। विपक्ष के आरोपों को खारिज किए जाने वाले शासन का वक्तव्य आने के बाद अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने प्रस्ताव को अनुमति नहीं दी। इधर विपक्ष ने मंत्री शर्मा के जवाब से असंतुष्ट होकर नारेबाजी करते हुए सदन से बहिगर्मन कर दिया।

शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत ने सबसे पहले सारंगढ़ उप जेल में अनुसूचित जाति की कैदी के साथ हुई मारपीट का मामला उठाया। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अक्टूबर 2023 से मनरेगा में काम करने वालों को पेमेंट नहीं हो रहा है। हमने दूरस्थ क्षेत्रों में देखा है कि पहाड़ में रहने वाले गरीब, खेतीबाड़ी या जो भी जंगल में वनोपज संग्रहण के लिए मात्र एक डेढ़ महीने मिलते हैं। इसके बाद उनके पास कोई काम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# जामताड़ा में बड़ा ट्रेन हादसा, ट्रेन से कटकर दो लोगों की मौत



जामताड़ा। झारखंड के जामताड़ा जिला में विद्यासागर और कलाझरिया के बीच ट्रेन की चपेट में आने से दो यात्रियों की मौत हो गई, जानकारी के मुताबिक काला झरिया के पास भागलपुर से यशवंतपुर जा रही अंग एक्सप्रेस तकनीकी कारण से रुकी हुई थी, अनुमान लगाया जा रहा है कि अंग एक्सप्रेस के कई यात्री ट्रेन से उतर गए थे, इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर आसनसोल से बैद्यनाथधाम जाने वाली पैसेंजर ट्रेन की चपेट में कई लोग आ गए।

स्पॉट पर मौजूद रिपोर्टर के मुताबिक दो लाशें बरामद हो चुकीं हैं, स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीम पहुंच गई है, अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाना मुश्किल हो रहा है, अनुमान लगाया जा रहा है कि मृतकों की दो से अधिक हो सकती है, पूरे इलाके में चीख पुकार मची हुई है। अंग एक्सप्रेस को काशीटांड़ हॉल्ट पर लाकर खड़ा कर दिया गया है. अप और डाउन दोनों लाइन पर परिचालन को रोक दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्र होने की वजह से घटनास्थल से काफी दूर तक खोजबीन की जा रही है कि कहीं और लोग भी तो चपेट में नहीं आ गए हैं।

हादसे की सूचना मिलते ही जामताड़ा के एसडीओ अनंत कुमार मौके पर पहुंचे उन्होंने बताया कि अब तक दो लोगों का शव बरामद हुआ है. संभव है कि कुछ लोग अपने स्तर से आसपास के अस्पतालों में ले जाए गए हों, इसकी भी पड़ताल की जा रही है। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स संवेदना जताते हुए लिखा है कि 'जामताड़ा के कलझारिया स्टेशन के पास हुई ट्रेन दुर्घटना की दुखद खबर से मन व्यथित है, ईश्वर दिवगंत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें. प्रशासन की टीम मौके पर राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई है. दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।'

घटना की जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने जामताड़ा उपायुक्त को निर्देश दिया है कि राहत और बचाव कार्य जारी रखें, साथ ही उन्होंने सिविल सर्जन जामताड़ा को घायलों के उचित इलाज हेतु अस्पतालों में व्यवस्था सुदृढ़ करने को कहा हैं. उन्होंने निर्देश दिया कि घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था हो, इलाज में कोई कोताही नहीं बरती जाए।

# तमिलनाडु सरकार के विज्ञापन में चीन का झंडा, पीएम मोदी बोले- DMK को बर्दाश्त नहीं भारत की तरक्की



चेन्नई। तमिलनाडु की द्रविड़ मुनेत्र कड़गम सरकार के एड में चीन के झंडे के इस्तेमाल से सियासत तेज हो गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु दौरे के दूसरे दिन बुधवार को कुलाशेखरपट्टीनम में ISRO के नए लॉन्च कॉम्प्लेक्स की नींव रखी. इस प्रोजेक्ट को लेकर राज्य की डीएमके सरकार के पशुपालन मंत्री अनिता राधाकृष्णन ने स्थानीय अखबारों में एक ऐड जारी किया.

एड में रॉकेट पर चीन का झंडा लगा था. इसे लेकर पीएम मोदी ने डीएमके पर निशाना साधा है. पीएम ने कहा कि डीएमके को भारत की तरक्की बर्दाश्त नहीं है. हालांकि, डीएमके की वरिष्ठ नेता कनिमोई ने एड में चीनी झंडे के इस्तेमाल को मानवीय भूल करार दिया है. पीएम मोदी ने तिरुनेलवेली में रैली को संबोधित करते हुए कहा- डीएमके सरकार भारत की तरक्की बर्दाश्त नहीं कर पा रही है. वे ISRO लॉन्च पैड का क्रेडिट लेने के लिए अखबार के एड में भी चीन का स्टिकर चिपका रहे हैं. प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि डीएमके अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की प्रगति को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है. वे विज्ञापन देते हैं और इसमें भारत की अंतरिक्ष की तस्वीर भी शामिल

# मणिपुर में एएसपी के अपहरण के विरोध में सैकड़ों कमांडो ने किया प्रदर्शन, हथियार नीचे रखकर जताया विरोध



इंफाल। मणिपुर में इंफाल घाटी क्षेत्र के चार जिलों के सैकड़ों कमांडो कर्मियों ने एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के आवास पर भीड़ के हमले और अपहरण के खिलाफ बुधवार को हथियार नीचे रखकर प्रतीकात्मक रूप से विरोध जताया।

मैतेयी संगठन अरामबाई तेंगगोल के 200 कैडरों ने मंगलवार रात इंफाल के वांगखेई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित मायेंगबाम के आवास पर हमला कर उनका अपहरण कर लिया था। हालांकि, केंद्रीय और राज्य बलों ने उनके आवास से लगभग तीन किलोमीटर दूर क्वाकीथेल इलाके से मुक्त करा लिया था। इसमें कहा गया है कि पूर्वोत्तर राज्य की राजधानी में हुई इस घटना के दौरान दो लोग घायल हुए।

हमलावरों ने परिसर में खड़े चार वाहनों के शीशे तोड़ने के अलावा खिड़कियों के शीशे और गमले तोड़ दिये थे। एक अधिकारी ने कहा कि हमले के विरोध में इंफाल पश्चिम जिले के कमांडो कर्मियों ने अपने-अपने परिसर में हथियार नीचे रखकर विरोध जताया। इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर और थौबल जिलों में कमांडो इकाइयों के कर्मियों ने भी ऐसा ही किया।




# मोदी सरकार का आतंकवाद पर प्रहार, जम्मू-कश्मीर के दो और संगठनों पर लगाया बैन



इंदौर। भारत सरकार का जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। केंद्र सरकार ने वहां के दो और संगठनों पर बैन लगाकर आंतकवाद पर नकेल कसने की कोशिश की है। मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (सुमजी गुट) और मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (भट गुट) पर यह कार्रवाई की गई है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि आतंकी नेटवर्क पर बिना किसी सख्ती के प्रहार करते हुए सरकार ने मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू और कश्मीर (सुमजी गुट) और मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू और कश्मीर (भट गुट) को गैरकानूनी संघ घोषित कर दिया है। ये संगठन देश की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आतंकवाद को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

# सीएम विष्णुदेव साय की सुरक्षा में बड़ी चूक, मिलने आया युवक गन लेकर रूम तक पहुंचा, 8 पुलिसकर्मी हुए सस्पेंड



रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सुरक्षा में बड़ी चूक की खबर सामने आ रही है। घटना राजधानी रायपुर के अस्थाई मुख्यमंत्री निवास की है जहां मुख्यमंत्री की सुरक्षा में लापरवाही की बात कही जा रही है।

घटना 25 फरवरी की रात की है जब 9.30 बजे एक व्यक्ति पिस्टल के साथ मुख्यमंत्री के अस्थाई कैंप कार्यालय पहुना में पहुंच गया। बताया जा रहा है कि पिस्टल के साथ व्यक्ति मुख्यमंत्री के ऑफिस के कुछ ही कदम की दूरी तक घुस गया था। इस घटना को गंभीरतम चूक मानते हुए आठ पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है जन पुलिस कर्मियों को सस्पेंड किया गया है, वह मैन गेट और सुरक्षा घेरे के पहले और दूसरे सर्कल में तैनात बताए गए हैं। बताया जा रहा है कि व्यक्ति लाइसेंसी पिस्टल के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय के बेहद नजदीक पहुंच गया था।

पिस्टल रखा हुआ व्यक्ति मुख्यमंत्री साय के निजी स्टाफ में मौजूद कर्मी के साथ गाड़ी में बैठकर पहुना के मेन गेट से अंदर पहुंचा। मुख्यमंत्री के निजी स्टाफ के साथ देखकर बाकी सुरक्षाकर्मियों ने भी कड़ी जांच नहीं की जिसके कारण पूरी घटना होना बताया जा रहा है। सीएम सुरक्षा में सेंध लगने के मामले में पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इनमें 8 पुलिस वालों का नाम है, जो सीएम की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# मेक इन इंडिया की बड़ी कामयाबी, भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीद सकते हैं कई अरब देश




नई दिल्ली। भारत अपने रक्षा निर्यात को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है और अब इस लिहाज से बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल अरब देशों में भारत के कई मित्र देशों ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। साथ ही कई उत्तरी अफ्रीकी देश भी ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने पर विचार कर रहे हैं। भारत के पास सुपरसोनिक करूज मिसाइल की क्षमता मौजूद है, जो विभिन्न फाइटर जेट्स से 450 किलोमीटर दूरी के लक्ष्य भेद सकती है।

### सुखोई-30 फाइटर जेट्स में लगाई जा सकती हैं ब्रह्मोस मिसाइल

भारतीय रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका के कुछ देशों की सेनाओं के पास सुखोई-30 फाइटर जेट्स हैं, जिन्हें ब्रह्मोस मिसाइल से लैस किया जा सकता है। इन देशों ने ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है और इसे लेकर बातचीत हो रही है इन देशों के प्रतिनिधिमंडल ने ब्रह्मोस की टीमों से मुलाकात की है और वे मिसाइल की खासियत और इसकी क्षमताओं के बारे में जानकारी ले रहे हैं। ब्रह्मोस एयरोस्पेस को फिलीपींस से ऑर्डर मिल भी चुका है और निकट भविष्य में ब्रह्मोस फिलीपींस को मिसाइलों की डिलीवरी देना शुरू कर देगा।

### रक्षा निर्यात और मेक इन इंडिया पर सरकार का फोकस

ब्रह्मोस के हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के साथ ही जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को खरीदने पर भी कई देश विचार कर रहे हैं। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के चेयरमैन अतुल डी राने ने कहा कि पीएम मोदी ने 2025 तक रक्षा निर्यात पांच अरब डॉलर करने का लक्ष्य तय किया है और हम इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। भारतीय नौसेना ने भी 19 हजार करोड़ रुपये का 200 से ज्यादा ब्रह्मोस मिसाइलों का ऑर्डर दिया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस अब अन्य देशों से बड़े ऑर्डर प्राप्त करने पर फोकस कर रही है।

# उपद्रव करने वाले किसानों के पासपोर्ट और वीजा रद्द करायेगी पुलिस, कई की हुई पहचान



अंबाला। हरियाणा में किसान आंदोलन पार्ट 2 का हिस्सा बने युवा किसानों के लिए अब एक और मुसीबत खड़ी हो सकती है, पुलिस ऐसे किसानों का पासपोर्ट और वीजा रद्द करने की कार्रवाई कर रही है जो बॉर्डर पर किसी तरह की तोड़फोड़ या उपद्रव में शामिल थे। पुलिस ने ड्रोन और सीसीटीवी वीडियो के आधार पर इन किसानों की पहचान करके उनकी जानकारी पासपोर्ट ऑफिस समेत दूतावासों में भेजेगी।

पिछले 13 फरवरी से किसान हरियाणा में अंबाला के शंभू बॉर्डर और जींद के खनौरी बॉर्डर पर बैठे हैं. इस बीच कई बार किसानों ने पुलिस के बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की, इस दौरान पुलिस और किसानों के बीच झड़प भी हुई, किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए तो किसानों ने भी पुलिस पर पथराव किया। हरियाणा पुलिस ने बॉर्डर पर बैरिकेडिंग करके किसानों को दिल्ली जाने से रोक दिया है।

अंबाला पुलिस का कहना है कि जो किसान शंभू बॉर्डर पर दिल्ली कूच करने के लिए किसी भी तरह का उपद्रव मचाने में शामिल रहे हैं, उनकी पहचान करके उनके कार्रवाई की जायेगी. उनकी सभी जानकारी पासपोर्ट ऑफिस में भेजकर उनके पासपोर्ट और वीजा रद्द करने के लिए कहा जायेगा. बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस द्वारा लगाये गये बड़े-बड़े ड्रोन कैमरों से उनकी पहचान की जा रही है। अंबाला पुलिस ने ऐसे कई किसानों की फोटो भी जारी की है, जो बॉर्डर पर उपद्रव करते दिखाई दे रहे हैं. इन सभी फोटो की जानकारी अंबाला पुलिस पासपोर्ट कार्यालय के साथ-साथ, मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स और एम्बेसी से साझा कर रही है, पुलिस ने शंभु बॉर्डर पर सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं, इसके अलावा हर गतिविधि की ड्रोन कैमरों से रिकॉर्डिंग की जा रही है।

अंबाला के डीसीपी जोगिन्दर शर्मा ने बताया कि जो भी हरियाणा की तरफ बढ़कर किसी भी तरह के उपद्रव करना, जैसे-बैरिकेड तोड़ना आदि में शामिल रहा है, हमने उनकी सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों की मदद से पहचान की है. उन लोगों के खिलाफ हम विदेश मंत्रालय, पासपोर्ट ऑफिस और दूतावासों में कार्रवाई के लिए भेजेंगे।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित होकर कारीगर समर्थ बनेंगे तो मिलेगा समृद्धि और सम्मान - कलेक्टर

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों के लिए कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आज जागरूकता कार्यशाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित होकर समर्थ बनेंगे तो समृद्धि और सम्मान दोनों मिलेगा।**




कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि पुराने समय में गांव-गांव में बहुत सारी वस्तुओं को बनाया जाता था। गांवों में खेती-किसानी के लिए औजारों का निर्माण तथा अपग्रेड किया जाता था।

उन्होंने कहा कि गांव-गांव में हुनरमंद लोग हैं, जो धीरे-धीरे से कम होते जा रहे है। शासन द्वारा ऐसे परम्परागत हुनरमंद शिल्पकारों एवं कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए इस योजना की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत उस हुनर को समय के अनुरूप कैसे बेहतर करें उनके कौशल उन्नयन के लिए आज यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों का हुनर के आधार पर उपकरण एवं मशीन के लिए ऋण उपलब्ध कराने तथा जरूरत के आधार पर टूलकिट उपलब्ध कराया जाएगा और निर्मित वस्तुओं के लिए मार्केट उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कार्यक्षमता को बेहतर तरीके से बढ़ाने के लिए कहा। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि इस योजना में किसी प्रकार की आयु सीमा नहीं है। किसी भी आयु के पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगर इस योजना से जुड़कर लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि हुनरमंद लोग अपने हुनर को बेहतर कर सकते हैं और अधिक आय अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

जागरूकता कार्यशाला में बताया गया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें सभी लाभ प्राप्त करने के योग्य बनाना जाएगा। विश्वकर्माओं के उपलब्ध कौशल उन्नयन कार्यक्रमों से जोड़कर उनका कौशल विकास किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत उनकी योग्यता, क्षमता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक औजार, टूलकिट प्रदान किया जाएगा। योजना के अंतर्गत संपर्शिक मुक्त ऋण प्रदान करने तथा उन्नति के लिए विभिन्न बाजारों से जोड़ा जाएगा। सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को सहायता के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना घोषित की गई है।

योजनांतर्गत कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, लोहे के औजार निर्माण, ताला बनाने वाले, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, जूते बनाने वाले, राज मिस्त्री, टोकरी-चटाई, झाडू एवं पैरदान बनाने वाले, गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वालों को लाभान्वित किया जाएगा। सभी वर्गों को अपनी आईडी व पहचान पत्र के माध्यम से प्रशिक्षण, टूलकिट व डिजिटल मार्केटिंग सपोर्ट दिया जाएगा। साथ ही बैंक शाखाओं के माध्यम से पहले चरण में 1 लाख रूपए व दूसरे चरण में 2 लाख रूपए तक की सहायता राशि रियायती 5 प्रतिशत ब्याज पर दिया जाएगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक उद्योग श्री एसके सिंह, एमएसएमई के सहायक संचालक सहित बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से लाभ लेने वाले प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

# शहीद संदीप यदु के शहादत दिवस पर महापौर ने उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजली



राजनांदगांव (दावा)। अमर जवान शहीद संदीप यदु के शहादत दिवस के अवसर पर 28 फरवरी को हाट बाजार स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने उनकी माता श्रीमती कुमारी बाई यदु, धर्मपत्नी श्रीमती गिरजा यदु तथा उनके परिजनों की उपस्थिति में शहीद यदु की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। महापौर श्रीमती देशमुख सहित नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, पार्षद शिव वर्मा, श्रीमती मधु बैद, विजय राय, पार्षद प्रतिनिधि अरूण साहू तथा बसंतपुर थाना प्रभारी ने भी शहीद संदीप यदु की प्रतिमा में पुष्पांजली अर्पितकर उन्हें श्रद्धांजली दिये।

महापौर श्रीमती देशमुख ने शहीद संदीप यदु को श्रद्धांजलि देते हुये कहा कि मैं उनकी माता, उनकी पत्नी व बच्चे को प्रणाम करती हूँ, जिन्होंने अपने घर का चिराग खोया, अपना सुहाग खोया। उन्होंने कहा कि हमारे नगर का जवान जो आरक्षक के पद पर कार्यरत था, वो आज ही के दिन दंतेवाडा के नकुलनार बचेली मार्ग पर हुये नक्सली हमले में शहीद हो गये थे। छत्तीसगढ़ की धरती उनका ऋण कभी नहीं चुका सकती। हमारे जवान सरहद में जाकर देश की सुरक्षा के लिये डटे रहते है और लड़ते हुये वीर गति को प्राप्त कर लेते है।

श्री यदु ने भी देश और प्रदेश के लिये अपने प्राणों को न्योछावर कर दिये। मै पुनः उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ। श्री किशुन यदु एवं अन्य अतिथियों ने भी शहीद संदीप यदु के शहादत को याद कर अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर शहीद यदु के परिजन सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति गठित

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान पेड न्यूज के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक, सोशल एवं प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले समाचार व तथ्यों की जांच तथा निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार सामग्री के प्रसारण पूर्व प्रमाणन हेतु जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) का गठन किया है। एमसीएमसी समिति के अध्यक्ष कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल तथा अपर कलेक्टर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती इंदिरा नवीन सिंह समिति के सदस्य, उप संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक समिति के सचिव एवं ई-जिला प्रबंधक (चिप्स) सौरभ मिश्रा व अध्यक्ष प्रेस क्लब सचिन अग्रहरि समिति के सदस्य हैं।

## पहला कॉलम...

### जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ संत रविदास समाज शंकरपुर राजनांदगांव आमंत्रण पर बजरंग सेना राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष नरेश कोचरे एवं शहर अध्यक्ष वेंकटेश राव के साथ बजरंग सेना के सभी सदस्य उपस्थित थे। जिसमें बजरंगसेना के सभी सदस्यों द्वारा रविदास जयंती के पावन पर्व में सम्मिलित होकर हर्षोल्लास के साथ जयंती मनाई गई।

### मुंबई-हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस का कल्याण रेलवे स्टेशन में ठहराव की सुविधा में विस्तार

राजनांदगांव (दावा)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग व उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलाने वाली एक ट्रेन का अस्थायी प्रायोगिक ठहराव की सुविधा प्रदान की गयी थी। 12261/12262 मुंबई-हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस का 'कल्याण' रेलवे स्टेशन रेलवे स्टेशन में ठहराव की सुविधा में विस्तार किया गया है। यह ठहराव दिनांक 23 अगस्त 2023 से दिया गया था। यह ठहराव की सुविधा अगले आदेश तक जारी रहेगा। मुंबई से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12261 मुंबई-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस का 'कल्याण' रेलवे स्टेशन में 17.59 बजे पहुंचेगी तथा 18.01 बजे रवाना होगी तथा हावड़ा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12262 हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस का 'कल्याण' रेलवे स्टेशन में 07.00 बजे पहुंचेगी तथा 07.02 बजे रवाना होगी। यह ठहराव की सुविधा अगले आदेश तक जारी रहेगा।

### सूना बाई का निधन

डोंगरगढ़ (दावा)। कंडरा पारा निवासी बनवारी कंडरा काका की धर्मपत्नी सूना बाई, पार्षद मनोहर कंडरा के माता का आज आकस्मिक निधन बुधवार की शाम 5 बजे हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार का कायर्कम कल दीन गुरुवार को सुबह 11 बजे स्थानीय मुक्तिधाम जेल रोड मुक्ति धाम में किया जाएगा।

### बालक राम साहू का निधन



हरदी (दावा)। शिवनाथ वार्ड 51 हरदी निवासी बालक राम साहू 68 वर्ष का निधन 27 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके जन्म स्थान ग्राम ईरा (सोमनी) के मुक्तिधाम में किया गया। वे रविन्द्रनाथ के पिता व विवेक, वीणा, पुष्पांजलि के दादा थे।

# वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण के संबंध में प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

## औद्योगिक इकाइयों को वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण की विवरणियां भरकर जमा करने के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग) सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण किया जाता है। इसके अंतर्गत चयनित औद्योगिक इकाईयों द्वारा निर्धारित विवरणी भरकर राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय को प्रस्तुत की जाती है। इन औद्योगिक इकाइयों द्वारा वेब पोर्टल पर वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण की विवरणियां भरकर जमा करने हेतु राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय उप क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग द्वारा होटल अवाना राजनांदगाँव में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में उपमहानिदेशक राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय रायपुर रोशन लाल साहू, उपनिदेशक राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय रायपुर आशुतोष अवस्थी विशेष रूप से उपस्थित थे।

उपमहानिदेशक राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय रायपुर रोशन लाल साहू ने वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण के उपयोगिता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सांख्यिकी संग्रहण अधिनियम 2008 एवं उसके अंतर्गत बनाए गए नियम 2011 के अनुसार राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय द्वारा प्रति वर्ष वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण संचालित किया जाता है। इसके अंतर्गत चयनित सभी औद्योगिक इकाइयों को केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय के वेब पोर्टल पर यूजर आईडी एवं पासवर्ड आबंटित किए जाते हैं। इकाइयों द्वारा निर्धारित समय सीमा अंतर्गत विवरणियां भरकर प्रस्तुत करना होता है। औद्योगिक इकाइयों को विवरणियां भरकर जमा करने हेतु प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों से पोर्टल पर स्वयं विवरणियां भरने का अधिक से अधिक प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2021-22 के परिणामों के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में 4397 पंजीकृत इकाइयां थी। जिनमें 24395 व्यक्ति कार्यरत थे। जिसमें श्रमिकों की संख्या 198792 थी। कार्यरत व्यक्तियों को 902487 लाख रूपए के पारिश्रमिक का भुगतान किया गया। इन इकाइयों द्वारा 21461956 लाख रूपए की लागत लगाकर 25497713 लाख रूपए मूल्य का उत्पादन किया गया। वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण के द्वारा औद्योगिक इकाईयों की



पूंजी, टर्न ओवर, मूल्यवर्धन, ईंधन व कच्चा माल तथा इनपुट-आउटपुट आदि से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े संग्रहित किए जाते हैं। इसके अलावा रोजगार, कार्य दिवसों की संख्या एवं सामाजिक सुरक्षा लाभ संबंधी आंकड़े भी एकत्रित किए जाते हैं। प्राप्त आंकड़ों का उपयोग राष्ट्रीय आय के अनुमान एवं सकल घरेलू उत्पाद के आकलन हेतु किया जाता है।

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय रायपुर के सहायक निदेशक सीपीएस मरकाम तथा वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी आरके श्रीवास्तव, ओपी साहू, आरएन सोनी, विजय राखोण्डे ने औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों को वेब पोर्टल पर स्वतः विवरणी भरने के लिए प्रशिक्षण दिया। वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी यासीन अली ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के प्रति आभार प्रदर्शित किया। प्रशिक्षण शिविर में दुर्ग संभाग के सभी जिलों से विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर में गणपति प्रोडक्ट्स, टॉपवर्थ स्टील्स, गियरकॉन इंजीनियरिंग, माइक्रो टेक्नो, वी ऑयल कंपनी, साई स्टील, यूनिवेब्स स्लीपर, मंगलम मोटर्स, रौनक एंटरप्राइजेज, अपर्णा कार्बन्स, विक्रांत रोप्स, जयराम एग्रो, एबीआईएस एक्सपोर्ट्स, राजाराम मेज, गियरकॉन क्रेन्स, सॉलाइट प्राईवेट लिमिटेड, चाचा फूड प्रोडक्ट्स, नाल्सन्स इंजीनियरिंग, अतुल ऑक्सीजन, कैम्स ट्रेडिंग, पथिक इंजीनियरिंग वर्क्स, पंचशील साल्वेंट, नांद नॉन-वूवेन सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि ने भाग लिया। दुर्ग कार्यालय से यासीन अली, विजय राखोण्डे, श्रीनि ई., विजय कुजूर, डीसी साहू, सुभाष साव एवं संजय मांझी तथा वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारियों द्वारा चयनित इकाइयों से विवरणी संपूरित कराई गई।

# आज ग्राम जोब में आयोजित होगा जनसमस्या निवारण शिविर

राजनांदगांव (दावा)। जिले के छुरिया विकासखंड के ग्राम जोब में जनसामान्य की समस्याओं और मांगों के त्वरित निराकरण तथा राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने जनसमस्या निवारण शिविर 29 फरवरी को आयोजित किया जायेगा।

यह शिविर ग्राम जोब में सुबह 10.30 बजे से आयोजित होगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने

**कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने ग्रामीणजनों से की अपील**

अधिक से अधिक संख्या में लोगों से इस जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होने की अपील की। कलेक्टर श्री अग्रवाल द्वारा इस शिविर के आयोजन से पहले ग्राम पंचायत जोब के आस-पास की सभी ग्राम पंचायतों एवं आश्रित गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सूचना देने और उनकी शिकायतों, समस्या तथा मांगों के संबंध में आवेदनों का पंजीयन करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये गये हैं। ग्रामीण इस शिविर में पहुंचकर मौके पर भी आवेदन दे सकते हैं। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी जायेगी तथा शासकीय योजनाओं के तहत स्वीकृत प्रकरणों से संबंधित सामग्रियों का वितरण किया जायेगा।

शिविर में विशेष रूप से अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं से संबंधित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने का प्रयास किया जायेगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया को शिविर के आयोजन के संबंध में क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। इस शिविर में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों से लेकर मैदानी अमले को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश भी जारी किये गये हैं।

# आज राम दरबार से पार्रीकला मोड तक सड़क का भूमिपूजन

राजनांदगांव (दावा)। शहर के राम दरबार से पार्रीकला मोड तक बहुप्रतीक्षित सर्विस रोड की स्वीकृति सांसद संतोष पांडे द्वारा प्राप्त कर ली गई है। जिसका आज दोपहर एक बजे पार्रीकला मोड़ पर भूमि पूजन होगा। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से पार्री ग्राम पहुंच मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग से डिवाइड पासिंग नहीं होने के कारण आज तक सैकड़ों दुर्घटनाएं घट चुकी है, जिससे अनेक ग्रामीण और वाहन चालकों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है।

सड़क निर्माण स्वीकृति की मांग ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। चौदह करोड़ की लागत से निर्माण होने जा रही सड़क की स्वीकृति माननीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा प्रदान की गई है। तत्संबंध में सांसद संतोष पांडे द्वारा शून्यकाल सहित विभागीय पत्राचार कर सड़क स्वीकृत की मांग की जाती रही जिससे अंततः सफलता प्राप्त हुई है।

भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, अध्यक्षता संतोष संतोष पांडे एवं विशेष अतिथि मधुसुदन यादव, अभिषेक सिंह, खूबचंद पारख, रमेश पटेल, मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर उपस्थित रहेंगे। सड़क स्वीकृति के लिए ग्राम पार्रीकला के ग्रामीणों सहित शहर के नागरिकों ने संसद का आभार व्यक्त किया है। उक्त अवसर की गरिमा बढ़ाने के लिए जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल सहित सांसद संतोष पांडे ने कार्यकर्ता एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील भी की है।

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202402093700040
अ-6 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गोमती बाई ध.प. लखन लाल अग्रहरि, निवासी-काली माई मंदिर, भरकापारा, वार्ड नं. 28, राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव मोहल्ला भरकापारा बस स्टेण्ड स्थित शीट क्रमांक 60 ए. भूखण्ड क्रमांक-12/5, क्षेत्रफल 70.00 वर्गमीटर जो धारक इन्द्रजीत आ देवीदयाल वर्मा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 18.03.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
0-1-2
348-5 170-8
राजधानी
4-5-7
490-3 367-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202402093700041
अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीनू गुप्ता ध.प. मुकेश गुप्ता, निवासी-भरकापारा, कालीमाई मंदिर के पास, वार्ड नं. 26 राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव मोहल्ला भरकापारा बस स्टेण्ड स्थित शीट क्रमांक 60 ए. भूखण्ड क्रमांक 12/9 12/10 क्षेत्रफल क्रमशः 108.00 वर्गमीटर एवं 107.00 वर्गमीटर जो धारक सौरभ आ. बृजमोहन तांबी, निवासी ब्राम्हणपारा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि / मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 18.03.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांकः- 202402090200056**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः-राजस्व सनः-2023-2024 बखरूटोला प.ह.नं. 00008
[(हे.)] पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार-जगन्नाथ साहू,
अनावेदक पक्षकार-छ.ग.शासन

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगन्नाथ साहू पिता सुखराम साहू जाति तेली निवासी बखरूटोला ग्राम पंचायत नांदियाखुर्द तहसील छुरिया के द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक के पुत्र लाकेश कुमार साहू दिनांक 10.06.1999 को ग्राम बखरूटोला तहसील छुरिया में हुआ है। जिसके जन्म का पंजीयन को आवेदक के द्वारा भुलवश नही करा पाये है। जिसके फलस्वरूप आवेदक अपने पुत्र लाकेश कुमार साहू का जन्म दिनांक 10.06.1999 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंचनामा, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, व आधार की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 07.03.2024 को स्वयं/वकील/आममुख्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/02/2024 को जारी किया जाता है।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
तहसील छुरिया, जिला-राजनांदगांव

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांकः- 202402090200057**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः-राजस्व सनः-2023-2024 बखरूटोला प.ह.नं. 00008
[(हे.)] पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार-जगन्नाथ साहू,
अनावेदक पक्षकार-छ.ग.शासन

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगन्नाथ साहू पिता सुखराम साहू जाति तेली निवासी बखरूटोला ग्राम पंचायत नांदियाखुर्द तहसील छुरिया के द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक की पुत्री सोनिया साहू का जन्म दिनांक 09.03.1997 को ग्राम बखरूटोला तहसील छुरिया में हुआ है। जिसके जन्म का पंजीयन आवेदक के द्वारा भुलवश नही करा पाये है। जिसके फलस्वरूप आवेदक अपनी पुत्री सोनिया साहू का जन्म दिनांक 09.03.1997 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंचनामा, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, व आधार की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 07.03.2024 को स्वयं/वकील/ आममुख्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/02/2024 को जारी किया जाता है।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
तहसील छुरिया, जिला-राजनांदगांव

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**( तृतीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र.153279/निविदा सूचना क्र.44/वलेलि/2023-24, छुईखदान, दिनांक 27.02.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **15.03.2024 समय 17.30 बजे** तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः

**कार्य का नाम-** खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के विकासखण्ड छुईखदान की बैरयापाट व्यपवर्तन योजना के दरबानटोला मुख्य नहर आर.डी. 0 मी. से 2400 मी. बैरयापाट माईनर आर.डी.मी. से 1800 मी. तक जीर्णोद्वार एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य तथा 08 नग व्ही.आर.बी.10 नग फाल. 01 नग माईनर हेड, पक्के कार्य का निर्माण कार्य एवं कोलाबा पाईप फिक्सिंग का कार्य।

**अनुमानित लागत- रू. 214.77 लाख**

(दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ.आर. तथा संशोधित 22.08.2022 के अनुसार)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **05.03.2024** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, छुईखदान
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी- 08144/4

silver SCREEN
SILVER SCREEN Multiplex
27th Feb to 29th Feb 2024




Crakk Jeetaga Toh Jiyegaa - 12:00, 03:00, 06:00 & 09:00 pm
Article 370 - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

# विकसित भारत के निर्माण में देश के युवाओं में कौशल होना आवश्यक है - कुलपति प्रो. अनिल धगट

**राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा विकसित भारत 2047 चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां शोधार्थियों ने 2047 के विकसित भारत की चुनौतियां एवं संभावनाएं की परिकल्पना को प्रस्तुत किया। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।**

शोध संगोष्ठी के मुख्य अतिथि कृष्ण विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) कुलपति डॉ. अनिल धगट, अध्यक्षता दिग्विजय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.के.एल टांडेकर एवं विशिष्ट अतिथि जिलाधीश राजनांदगांव संजय अग्रवाल, भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग डॉ.कुबेर सिंह गुरूपंच एवं कामर्स कालेज गुवाहाटी (असम) सह. प्राध्यापक डॉ. गौर गोपाल बनिक विषय विशेषज्ञ डायरेक्टर इंटरनेशनल कोलाबरेशन, रायपुर की प्राध्यापक गिन्नी जैन उपस्थित रहे। आयोजन पर प्रकाश डालते हुए वाणिज्य विभागाध्यक्ष एवं शोध संगोष्ठी के संयोजक डॉ.एस.के.उके ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी से आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने तक विकसित भारत के भावी स्वरूप पर 'शोध आलेख' विकसित भारत ञ्च 2047 में शोधार्थी के विचार समाहित किया जाना है। संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ. टांडेकर ने कहा कि भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़े अर्थव्यवस्था है। विकसित भारत 2047 का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विकास के जैवविविधता, पर्यावरण, जलवायु तकनीकी आदि हर क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ाने की महत्ती आवश्यकता है। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. धगत ने सेमिनार के संक्षेपिका का विमोचन किया और अपने उद्बोधन में विकसित भारत 2047 बनने के रास्तों में आने वाले चुनौतियों को विस्तार से समझाया। विकसित देशों के प्रति व्यक्ति एवं भारत देश के प्रति व्यक्ति आय के अंतर को बताते हुए कहा की देश के युवाओं में कौशल होना आवश्यक है ताकि इसे सामाजिक उन्नति में बदला जा सके।




**भारतीय संविधान की प्रस्तावना में विकसित भारत की संकल्पना झलकती है- जिलाधीश संजय अग्रवाल**

वहीं प्रो. धगत ने कहा की हमारी शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सिमित न हो। उन्होंने स्व रोजगार के प्रति लोगों के सामाजिक सोच में बदलाव लाने की वकालत की ताकि स्वरोजगार को सरकारी नौकरियों से कम न आँका जायें।

जिलाधीश संजय अग्रवाल ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना विकसित भारत का पैमाना होना चाहिए स्वास्थ्य और शिक्षा दो विकास के दो प्रारंभिक चरण ही जिसमें सुधार कर हम एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। भारतीय विश्वविद्यालय, दुर्ग डॉ. गुरूपंच ने कहा है कि मानव ज्ञान का सबसे बड़ा संसाधन हैं और इस लक्ष्य को विचारों के आदान-प्रदान के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है तथा संसाधनों को विकसित कर चुनौतियों को दूर करके हम विकास के क्षेत्र में अग्रणी हो सकते हैं। सह. प्राध्यापक डॉ. बनिक ने छत्तीसगढ़ संस्कृति की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जिस प्रकार युवा शक्ति को आगे बढ़ाया आज उसी ऊर्जा और जोश की आवश्यकता विकसित भारत के लिए महसूस होती है। गांव, नगरों का सर्वांगीण विकास के द्वारा 2047 विकसित भारत की संकल्पना साकार हो सकती हैं। मर्यादा पूर्व कार्य करते हुए भ्रष्टाचार को दूरकर इस लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। विषय विशेषज्ञ प्राध्यापक गिन्नी जैन ने कहा कि विकसित भारत युवा शक्ति आगे लाने की परिकल्पना ही जागरूकता के अभाव में हम अवसरों को खो देते है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में नारी शक्ति का अमूल्य योगदान होगा।

संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ.डी.पी. कुर्रे विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ.प्रीति बाला टांक विभागाध्यक्ष भौतिक शास्त्र, तृतीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. अंजना ठाकुर विभागाध्यक्ष राजनीति विभाग ने किया। तकनीकी सत्र में विभिन्न शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये।

इस शोध संगोष्ठी में मंचासीन अतिथियों का स्वागत शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.एच.सी. जैन, सुमन कोचर, रागिनी पराते एवं डॉ प्रज्ञा मिश्रा द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन श्रीमती सुमन कोचर, स्वयं सिद्ध झा, डॉ.प्रज्ञा मिश्रा एवं प्रतिभा सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक परगनिया, वरिष्ठ प्रध्यापक डॉ. अनीता महेश्वर, डॉ.महेश श्रीवास्तव, सोनल मिश्रा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अन्य महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# नाबालिक को बहला-फुसलाकर देह व्यापार कराने वाली महिला गिरफ्तार




राजनांदगांव (दावा)। छुरिया पुलिस ने नाबालिग पीड़िता को बहला फुसलाकर देह व्यापार में ले जाने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला का नाम साधना उर्फ संध्या वैष्णव पति अनिल कुमार (25 वर्ष) निवासी विकास नगर वार्ड नंबर 12 नगर पंचायत बोदरी, चकरभांठा जिला बिलासपुर हाल मुकाम वार्ड नंबर 36 बाझीनपाली थाना जुटमील जिला रायगढ़ बताया जाता है।

थाना प्रभारी अवनीश कुमार श्रीवास ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी दिनांक 26 फरवरी को थाना छुरिया आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने पत्नी के साथ नागपुर में काम करता है। अपनी बेटी को अपनी बहन के घर छोड़ा है जो दिनांक 04 फरवरी को घर से छुरिया बैंक जा रही हूं कहकर निकली थी जो आज तक वापस नहीं आयी है। इस पर उन्होंने आशंका व्यक्त की कि कोई व्यक्ति उसे अपने साथ बहला फुसलाकर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाने में धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

श्रीवास ने बताया कि प्रार्थी एवं परिजनों का कथन लेख किया गया जिन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले एक नंबर से अपहृता इनसे संपर्क करने का प्रयास कर रही है लेकिन बात नहीं हो पा रही है इतना कह रही है कि मैं रायगढ में हूं मुझे ये लोग जाने नहीं दे रहे है उससे आगे बात नहीं हो पाती है। घटना की जानकारी को अवगत कराया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखकर अपहृता की बरामदगी हेतु जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग से निर्देश प्राप्त कर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में एवं सायबर सेल से तकनीकी सहायता प्राप्त कर उनके नेतृत्व में रायगढ़ में पुलिस टीम रवाना किया गया। पुलिस टीम ने अपहृता को साधना वैष्णव नामक महिला निवासी वार्ड नंबर 36 बाझीनपाली थाना जुटमील जिला रायगढ के कब्जे से बरामद किया गया। पीड़िता से विधिवत पूछताछ करने पर बतायी कि संध्या वैष्णव उससे रायपुर में देह व्यापार करायी है व स्वयं भी देह व्यापार में संलिप्त थी। गत 20 फरवरी को पीड़िता को अपने साथ लेकर रायगढ़ बाझीनपाली क्षेत्र में आकर एक किराये का मकान लेकर वहां भी स्वयं और पीड़िता से देह व्यापार कराती थी। आरोपी साधना उर्फ संध्या वैष्णव से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किये जिसे गिरफ्तार कर बुधवार 28 फरवरी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# टैक्स वसूली, राशन कार्ड वितरण का सारा प्रपंच कांग्रेस और महापौर ने रचा - किशनु यदु



राजनांदगांव(दावा)। नगर निगम क्षेत्र में निजी एजेंसियों द्वारा कर, की गई वसूली और राशन कार्ड वितरण को लेकर कांग्रेस पार्षद कुलबीर छाबड़ा के बयान को नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने उनकी अपरिपक्वता बताया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने जितने भी मुद्दों पर बात की है उन सभी का संबंध नगर निगम, महापौर और कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार से है। इसके लिए भाजपा को दोषी बताया जाना महज उनकी अपरिपक्वता और मुद्दा विहिन राजनीति के लक्षण ही हैं।

उन्होंने कहा कि राशन कार्डों का नवीनीकरण उपरांत वितरण नगर निगम की जिम्मेदारी है। महापौर और एमआईसी इसके लिए व्यवस्था सुनिश्चित कर सकती है। लेकिन वे खुद इससे दूर हैं और जनहित के कार्यों में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। वार्डों में शिविर लगाने की मांग तो भाजपा के पार्षद भी कर रहे हैं लेकिन महापौर और एमआईसी के सदस्य ही इस पर चुप हैं। निगम प्रशासन की खामियां और महापौर की उदासीनता का विरोध करने का साहस खुद कुलबीर छाबड़ा भी नहीं जुटा पा रहे हैं। इसलिए वे बेवजह राज्य शासन पर मिथ्या आरोप गढ़ खुद की जिम्मेदारी से बच रहे हैं।

**साहस जुटाएं और महापौर कार्यालय के सामने प्रदर्शन करें कुलबीर**

नेता प्रतिपक्ष किशनु यदु ने कहा कि यही नहीं नगर निगम में निजी एजेंसी द्वारा टैक्स की वसूली का सारा प्रपंच भी कांग्रेस ने ही रचा है। उन्होंने कहा कि जब पूर्व महापौर मधुसूदन यादव के कार्यकाल में वर्ष 2017 में जब इस योजना के लिए पत्र आया था तो उन्होंने इसे इसलिए रोक दिया ताकि जनता पर बोझ न पड़े और निगम के राजस्व सेवक प्रभावित न हों।

यदु ने इस पर आगे बताया कि महापौर हेमा देशमुख ने ही इस कर वसूली प्रणाली को आगे बढ़ाया। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की 14 सितंबर 2022 को सैद्धांतिक सहमति पत्र क्रमांक 5733/3613/ 20- 21 दिनांक14/09/ 2021 मिलने के बाद 28 मार्च 2023 को निविदा मंगाई गई और दिनांक 25/09/2023 को एमआईसी की प्रक्रिया से गुजरने के बाद 03 अक्टूबर को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया। यह पूरी प्रक्रिया महापौर हेमा देशमुख द्वारा कांग्रेस सरकार के मार्गदर्शन में नगर निगम से पूरी करवाई गई। इस तरह टैक्स की निजी कंपनियों से वसूली करवाने की जिम्मेदार भी कांग्रेस और महापौर हेमा देशमुख ही हैं।

उन्होंने कहा कि पार्षद कुलबीर छाबड़ा निगम में कांग्रेस की मौजूदगी के बावजूद अपनी अनदेखी से शायद परेशान हैं। उन्हें समस्या की वास्तविक जड़ का पता होना चाहिए। राशन कार्ड वितरण हो या टैक्स की वसूली दोनों ही के लिए उन्हें महापौर से चर्चा करनी चाहिए या फिर महापौर कार्यालय के सामने प्रदर्शन करना चाहिए।

# रविदास जयंती रैली में धारदार चाकू एवं राड से प्राणघातक हमला करने वाला दूसरा भी आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



राजनांदगांव (दावा)। संत रविदास जयंती के दिन शहर में धूमधाम से निकाली गई रैली के दौरान दो पक्षों में भिड़ंत हो गई थी और धारदार चाकू व लोहे के राग निकल गये थे। जिसके चलते खून- खच्चर की घटना हो गई? थी। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी करण जगने को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था और उसे जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया था। बुधवार 28 फरवरी को पुलिस ने दूसरा आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है और उसे भी न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि दूसरा आरोपी अजय जगने पिता बन्टू जगने उम्र 32 साल निवासी रामनगर वार्ड नं0 07 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

बताया जाता है कि रविदास जयंती के दिन हुए उक्त घटना के संबंध में प्रार्थी निलेश महोबे पिता नकुल महोबे (27 साल) निवासी रामनगर शंकरपुर वार्ड नं0 07 ने 24फरवरी को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में रविदास समाज द्वारा रामनगर शंकरपुर महावीर चौक गुरूद्वारा चौक होते हुए नवागांव तक रैली निकाली गई थी।

रैली के बाद दोपहर लगभग ढाई से तीन बजे ममता नगर के पास आरोपी करण जगने एवं अजय जगने द्वारा प्रार्थी के भाई महेश महोबे जो रविदास समाज का अध्यक्ष है, को जान से मारने की योजना बनाकर अपने पास रखे चाकू से महेश महोबे के कमर के पास पेट में चाकू से एवं अजय जगने उसके सिर में राड से वार कर प्राण घातक हमला किया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अप.क्र. 129/24 धारा 307, 34 भादवि. कायम कर एक आरोपी करण जगने पिता बन्टू जगने (23 साल) निवासी रामनगर वार्ड नं0 07 मोची बस्ती शंकरपुर को दिनांक 25 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया था।

### हास्पिटल में भर्ती था आरोपी

विवेचना के दौरान प्रकरण के दूसरा आरोपी अजय जगने पिता बन्टू जगने (32 साल) निवासी रामनगर वार्ड नं0 07 मोची बस्ती शंकरपुर जो कि अस्पताल में भर्ती था, जिसके खिलाफ अपराध सबूत पाये जाने से आज बुधवार 28 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया, वहां से आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। बताया गया कि उक्त प्रकरण के दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में अप.क्र. 258/2019 धारा 294, 323, 341, 34 भादवि. एवं अप.क्र. 444/23 धारा 294, 323, 506 भादवि. कायम कर चालान पेश किया गया है। इस कार्यवाही में उनके स्वयं सहित थाना उप निरीक्षक राधेश्याम जुर्री एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# आयुक्त एवं निगम के अधिकारी रोज सुबह सफाई एवं निर्माण कार्य का कर रहे निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता अधिकारियों के साथ प्रत्येक दिन प्रातः वार्डो में सफाई व्यवस्था के साथ-साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। आज प्रातः 10 बजे उनके द्वारा निगम कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर समय में उपस्थित होने एवं अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के कर्मचारियों को हिदायत दिये।

प्रातः निरीक्षक में आयुक्त श्री गुप्ता गत दिवस मोहारा क्षेत्र का निरीक्षण कर सफाई कर्मियों की उपस्थिति पत्रक की जॉच कर अनुपस्थित कर्मचारियों की जानकारी लिये, उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल से कहा कि कोई भी कर्मचारी बिना कारण अनुपस्थित नही रहेगे और निर्धारित समय तक अपने अपने क्षेत्र में सफाई कार्यो का संपादन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन साफ सफाई की मानिटरिंग करें और सफाई में कोताही पर दण्डात्मक कार्यवाही करें।

**○ नंदई, मोहड़, मोहारा बस्ती में सफाई व निर्माण देख सफाई में गुणात्मक सुधार**
**○ निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने दिये निर्देश**
**○ आयुक्त ने किया निगम कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण, समय में उपस्थित रहने व कार्य करने कर्मचारियों को दी हिदायत**

आयुक्त श्री गुप्ता ने मोहारा तालाब सौदर्यीकरण कार्य का जायजा लेकर किये जा रहे कामों की जानकारी ली और कहा कि काम में गति लावे तथा गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण करें। जिससे वार्डवासियों को विकास कार्य का लाभ मिल सकें। निरीक्षण की कडी में उनके द्वारा आज प्रातः 10 बजे आकस्मिक रूप से नगर निगम कार्यालय आये और सभी विभागों में जाकर अधिकारियों व कर्मचारियों की जानकारी लिये उन्होंने कहा कि सभी लोग निर्धारित समय प्रातः 10 बजे प्रार्थना स्थल पर उपस्थित होगे तथा कार्यालयीन अवधि में अपने कार्यो का निर्वाहन करेंगे, कोई भी कर्मचारी अनावश्यक रूप से इधर उधर नही घुमेंगे जनता की समस्याओं का समय सीमा में निराकरण करेंगे। उन्होंने कहा कि अपने कार्य में लापरवाही पर संबंधित के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त के निर्देश पर प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, प्र.सहायक अभियंता सुश्री पिंकी खाती ने नंदई मोहड वार्ड में निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, जिसके तहत नंदई में सतनामी समाज सामुदायिक भवन निर्माण व दुर्गा मंच के पास अतिरिक्त कमरा निर्माण का जायजा लेकर सामाजिक लोगों के अनुसार निर्माण करने, तराई कराने के निर्देश उप अभियंता तिलक राज ध्रुव को निर्देशित किये। उन्होंने मोहारा पुन्नी मेला स्थल में निर्माण कार्य देख स्वीकृति अनुसार प्रत्येक कार्य कराने के निर्देश दिये।

# अंतिम दिन मोहारा में आयोजित शिविर में महिलाओं की रही भागीदारी




राजनांदगांव (दावा)। केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं की नागरिकों को जानकारी देने एवं लाभान्वित करने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तृतीय चरण के मोबाईल वेन तीन दिनों तक शहर में रही। निगम सीमाक्षेत्र के चारों दिशाओं में नगर निगम द्वारा 6 शिविर आयोजित की गयी, जहॉ चल चित्र के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश को सुनाकर विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गयी। अंतिम दिन मोहारा में आयोजित शिविर में केन्द्र सरकार की योजना का लाभ लेने महिलाओं मे उत्साह था। आज के शिविर का शुभारंभ समाजसेवी राजेन्द्र गोलछा ने नेताप्रतिपक्ष किशुन यदु, पार्षद शिव वर्मा, राजेश जैन रानू, गप्पू सोनकर, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, अरूण देवांगन, पूर्व पार्षद श्रीमती शकुंतला देवांगन, पार्षद प्रतिनिधि अरूण दामले व अरूण साहू सहित आलोक श्रोती, आकाश चोपड़ा, सोमेश मानिकपुरी, कमलेश प्रजापति, वेकटेश राव, की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का शुभारंभ फिता काट कर छत्तीसगढ महतारी के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवलित कर राजगीत के माध्यम से किया एवं उपस्थितजनों को शपथ दिलाये। शुभारंभ के पूर्व कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, प्र.सहायक अभियंता सुश्री पिंकी खाती एवं निगम के अधिकारियों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

अतिथियों द्वारा सभी स्टालों का अवलोकन कर हितग्राहियों से केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने अपील की तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का सामान देकर बच्चों का अन्नप्राशन किया एवं स्वास्थ्य बालक व बालिका को पुरूस्कृत किया साथ ही उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिला समूहों में मोहारा वार्ड नं. 47 की नवशक्ति स्व सहायता समूह, नवदीप स्व सहायता समूह, मॉ अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह, मॉ तुलसी स्व सहायता समूह तथा गायत्री स्व सहायता समूह को श्रीफल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया, इसके अलावा प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के तहत तानिया शर्मा, तामेश्वरी साहू, संगीता साहू को स्व रोजगार के लिय बैकों द्वारा स्वीकृत ऋण का चेक एवं राजेश दुबे, दिलीप कुमार साहू व मुस्कान को आयुष्मान कार्ड का वितरण किये।

समाजसेवी राजेन्द्र गोलछा ने अपने उदबोधन में कहा कि समय में परिवर्तन आता है, आज हमारे हिन्दुस्तान में भी जबरदस्त बदलाव आया है। राम राज्य की स्थापना हुई है, राम राज्य मतलब जनता मजबूत एवं खुश रहे। उन्होंने कहा कि इसी राम राज्य की परिकल्पना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साकार किया, 5 सौ साल का इंतजार खत्म हुआ और उनके नेतृत्व में प्रभू राम की अयोध्या में मंदिर बना जहॉ उनकी प्रतिमा स्थापित हुई। उन्होंने कहा कि राम राज्य के तहत मोदी जी ने अपने कार्यकाल में देश के अंतिम व्यक्ति तक प्रत्येक योजनाओं का लाभ पहुचाया और जो योजना के लाभ से वंचित हो गये उनके लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की उक्त यात्रा आपके शहर में वार्ड में पहुची तथा शिविर के माध्यम से लाभ दिया जा रहा है। जिसके लिये मैं मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापित करता हूॅ, साथ ही नगर निगम परिवार को भी शिविर लगाने के लिये धन्यवाद देता हूॅ।

शिविर में नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु ने अपने संबोधन में कहा कि आज तृतीय चरण का अंतिम शिविर है, मैं अधिकारियों से चाहूँगा कि पहले व दूसरे चरण के शिविर एवं तृतीय चरण के शिविर में कितने आवेदन आये, कितने का निराकरण हुआ, कितना निराकरण करना है, उसकी समीक्षा करें, और अतिशीघ्र हितग्राहियों को योजना का लाभ देवे। उन्होंने वार्डवासियों सहित शिविर में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों का शिविर के सफल संचालन के लिये आभार व्यक्त किया। पार्षद शिव वर्मा, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता तथा अरूण देवांगन ने भी कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से वार्डो में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।

शिविर में मोहारा तथा आसपास वार्डो के लगभग 15 सौ से अधिक लोग शिविर में एवं पोर्टर के माध्यम से जानकारी लिये और योजनाओं का लाभ लेने पंजीयन कराया। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के लिये 1 ने पंजीयन कराया, आयुष्मान कार्ड के लिये 500 ने, आधार के लिये 20 ने, उज्जवला योजना के लिये 15 ने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये 12 ने पंजीयन कराया तथा सैकडों लोगों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन लिये। शिविर में लगभग 200 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवा प्राप्त किया।

केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के पहल के तहत 05 लोगों ने अपने अनुभव साझा किये। जिनमें प्रधानमंत्री सुरक्षिता मातृत्व योजना, आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क ईलाज कराकर तथा महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने प्रधानमंत्री स्व निधि योजनांतर्गत ऋण लेकर लाभ प्राप्त कर अपना अनुभव साझा कर सभी लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में ऑनलाईन क्विज में भी 24 लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में नगर निगम के अलावा स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दिये।

# बिजनेस में नुकसानी के चलते लालबाग के युवक ने नदी में कुद कर की आत्महत्या



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग सिंधी कालोनी निवासी एक युवक ने व्यापार में नुकसानी होने की वजह से शिवनाथ नदी में डूबकर आत्महत्या कर ली। घटना 28 फरवरी की बीती रात की बताई जाती है। शिवनाथ नदी में डूबी लाश को सुबह 8 बजे के करीब नहाने गए लोगों ने देखा व पुलिस को सूचना दी। बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि नदी में लाश पड़ी होने की सूचना मिलते ही स्टाफ के लोगों के साथ मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से लाश को बाहर निकलवाया व लोगों से पूछताछ किए जाने पर उसकी पहचान संजय वाधवानी के रूप में की गई। घटना स्थल के समीप ही मृतक के काले रंग की मोटर सायकल खड़ी मिली। मृतक के जेब से किसी प्रकार के कागजात या सुसाईड नोट नहीं मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक का पहचान होते ही उनके घर परिवार वालों को सूचना दी गई। घरवालों ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा है। मंगलवार 27 फरवरी की रात घर से बिना बताए कही चला गया था। जिसकी वे खोजबीन कर रहे थे।

बताया जाता है कि बसंतपुर में उसकी मिक्चर फैक्ट्री थी। व्यवसाय में नुकसान होने की वजह से वह बंद पड़ा था। संभवतः इन्ही कारणों से वह नदी में डूब कर आत्महत्या जैसे कदम उठा ली। मृतक संजय वाधावानी पिता रूपचन्द (45 वर्ष) निवासी लालबाग की शादी हो चुकी है। उसके बच्चे भी है। मृतक का पीएम कराकर शव को अंतिम संस्कार हेतु उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

## अनमोल दावा

> यदि परिस्थितियों पर आपकी पकड़ मजबूत है तो जहर उगलने वाले भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकते।

# क्या इंडिया गठबंधन भाजपा के लिये चुनौती बनेगा?

-ललित गर्ग-



अंधेरों एवं निराशा के गर्त में जा चुके एवं लगभग बिखर चुके इंडिया गठबंधन के लिए कुछ अच्छी खबरों ने जहां उसमें नये उत्साह का संचार किया है वहीं भारतीय जनता पार्टी के लिये चिन्ता के कारण उत्पन्न किये हैं। पहले उत्तर प्रदेश और फिर दिल्ली में समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी से सीट बंटवारे पर बनी सहमति ने टूट की कगार पर पहुंचे इंडिया गठबंधन में वर्ष 2024 के आम चुनावों को लेकर संभावनाभरी तस्वीर को प्रस्तुत किया है। अब ये चुनाव दिलचस्प होने के साथ कुछ सीटों पर कांटे की टक्कर वाले होंगे। इन नये बन रहे चुनावी समीकरणों के बावजूद भाजपा के लिये अभी कोई बड़ा संकट नहीं दिख रहा है। भले ही इंडिया गठबंधन ढ़ींगे हांके कि वह भाजपा एवं उसके गठबंधन के लिए कड़ी चुनौती पेश करने की स्थिति आ गयी है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का जब गठबंधन बना तभी यह आशंका की गयी कि यह कितनी दूर चल पायेगा, टिक पायेगा भी या नहीं? कुछ हालात तो ऐसे भी बने कि इसके तार-तार होने की संभावनाएं बलवती हुई। भले ही अब कुछ सीटों पर दलों के बीच सहमति बनी हो लेकिन अभी कई महीने निकल जाने के बाद भी विधिवत रूप से इंडिया गठबंधन के संयोजक का नाम घोषित नहीं हो पाना अनेक सन्देहों एवं अटकलों का कारण बना हुआ है।

सत्ता तक पहुंचने के लिए जिस प्रकार दल-टूटन व गठबंधन हो रहे हैं इससे सबके मन में अकल्पनीय सम्भावनाओं की सिहरन उठती है। राष्ट्र और राष्ट्रीयता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। कुछ अनहोनी होगी, ऐसा सब महसूस कर रहे हैं। प्रजातंत्र में टकराव होता है। विचार फर्क भी होता है। मन-मुटाव भी होता है पर मर्यादापूर्वक। लेकिन अब इस आधार को ताक पर रख दिया गया है। राजनीति में दुश्मन स्थाई नहीं होते। अवसरवादिता दुश्मन को दोस्त और दोस्त को दुश्मन बना देती है। यह भी बड़े रूप में देखने को मिल रहा है। राजनीति नफा-नुकसान का खेल बन रहा है, मूल्य बिखर रहे हैं। चारों ओर सत्ता की भूख बिखरी है। पिछले कुछ समय से इंडिया गठबंधन को एक के बाद एक कई झटके लगे। पहले तो कांग्रेस ने ही पिछले साल दिसंबर के विधानसभा चुनावों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में गठबंधन से जुड़ी बातचीत को ठंडे बस्ते में डाले रखा। बातचीत शुरू भी हुई तो नेताओं में न तो पहले जैसा जोश दिखा और न वैसी राजनीतिक जिजीविषा महसूस हुई। फिर गठबंधन के प्रस्ताव पर सबसे बढ़-चढ़कर काम करने वाले नीतीश कुमार ही उसे छोड़ गए। यूपी में रालोद के जयंत चौधरी भी इंडिया गठबंधन का हाथ थामते-थामते एनडीए में शामिल हो गए।



इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस ने अनेक झटके झेले। छोटे-बड़े नेताओं के कांग्रेस छोड़ने का सिलसिला भी तेज हुआ। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का नाम खास तौर पर चर्चित रहा। इसे चाहे इन नेताओं का व्यक्तिगत अवसरवाद कहें या भाजपा और एनडीए नेतृत्व की सक्रियता एवं राजनीतिक कौशल इतना तय है कि इन नेताओं को कांग्रेस का भविष्य खास अच्छा नहीं दिख रहा। आम आदमी पार्टी एवं समाजवादी पार्टी जैसे दल अपनी साख बचाने एवं सत्ता के करीब बने रहने के लिये सीटों के बंटवारे पर सहमत हुए है, उसमें कांग्रेस का घूटने टेकना भी उसकी टूटती सांसों को बचाने की जद्दोजहद ही कहीं जायेगी। कांग्रेस एवं अन्य दलों के बीच सहमति के स्वर उभरने से आगामी लोकसभा चुनाव में अच्छा मुकाबला दिख सकता है। लेकिन अहम सवाल तो यही है कि क्या गठबंधन की गाड़ी आगे और हिचकोले नहीं खाएगी? क्या यह दावा पूरी दृढ़ता से किया जा सकता है?

अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस से सीटों पर सहमति बनाकर पलटूराम ही बने हैं। जी-भरकर एक-दूसरे को कोसने वाले जब हाथ मिलाए तो आश्चर्य होना स्वाभाविक है। देखा जाये तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन होना मूल्यहीनता एवं सिद्धान्तहीनता की चरम पराकाष्ठा है क्योंकि कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ लड़ कर और आंदोलन खड़ा करके ही आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ था। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब की सत्ता से कांग्रेस को बाहर किया और अपनी स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई। आम आदमी पार्टी के चमत्कारिक प्रदर्शन के चलते ही गुजरात में कांग्रेस ने अब तक का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी ने गोवा में भी कांग्रेस को काफी नुकसान पहुंचाया और हरियाणा में भी अपने संगठन का आधार बढ़ाया। ताजा कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी की सहमति से कांग्रेस को ही नुकसान होना है। केजरीवाल की बजाय ममता बनर्जी ने अलग छाप छोड़ी है। उसने बंगाल में कांग्रेस के लिए उनकी मौजूदा दो लोकसभा सीटों को ही छोड़ने की बात कह कर कांग्रेस के अधिक सीटों पर दावा करने के कारण स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा कर गठबंधन को धराशायी किया। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल ही नहीं, बल्कि त्रिपुरा, असम और गोवा में भी स्वतंत्र चुनाव लड़ने की बात कह रही हैं, जिससे कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में निराशा ही हाथ लगेगी।

इंडिया गठबंधन के नये बन रहे सकारात्मक परिदृश्यों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक सेहत पर कोई असर न झलकना उनकी राजनीतिक परिपक्वता की परिचायक है। 2024 के चुनावों में भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए 400 सीटों का लक्ष्य तय करने के मोदी के लक्ष्य के सामने अभी भी कोई बड़ी चुनौती दिख नहीं रही है। इन बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भाजपा एवं मोदी अपनी सीटें कहां से बढ़ा सकेंगे, इसके लिये भाजपा दोतरफा रणनीति पर काम कर रही है। पहली है, दक्षिणी राज्यों में पैठ बनाना। यह स्वाभाविक भी है क्योंकि भाजपा पहले ही उत्तर-पश्चिम के कई राज्यों में चरम पर पहुंच चुकी है। दूसरी रणनीति है पुराने सहयोगियों को एनडीए में वापस लाने और नए सहयोगियों को जोड़ने की, जिसमें वह अब तक काफी हद तक सफल भी रही है। जदयू एनडीए के साथ फिर से आ गई है, रालोद भी एनडीए में लौट आई है, पंजाब में अकाली दल को वापस लाने के प्रयास जारी हैं और तेदेपा के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। कुछ और पार्टियां एनडीए में शामिल हो सकती हैं। लेकिन एनडीए के विस्तार भर से भाजपा को 2024 में 370 सीटें नहीं मिलने वालीं। अभी उसे काफी जोड़-तोड़ करने होंगे।

गौरतलब है कि अमित शाह ने तमिलनाडु की कमान संभाल ली है और पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख के.अन्नामलै को काम करने की खुली छूट दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी तमिलनाडु का दौरा किया है, जिसे दक्षिण में भाजपा के चुनावी अभियान की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। केन्द्रीय मंत्रियों को बड़ी जिम्मेदारी के साथ सक्रिय किया गया है। भाजपा दक्षिण के राज्यों में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। राम मंदिर का उत्साह निश्चित रूप से उत्तर भारतीय हिंदी पट्टी के राज्यों में अधिक है, लेकिन दक्षिण भी भाजपा को कुछ चुनावी लाभ दे सकता है।

## राजनेताओं की दलगत निष्ठा और दलबदल कानून की प्रासंगिकता सवालों के घेरे में

राज्यसभा के ताजा चुनाव में, खासकर उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में, जिस तरह विधायकों के दल की सीमा लांघ कर मतदान करने की खबरें आईं, उससे एक बार फिर राजनेताओं की दलगत निष्ठा और दलबदल कानून की प्रासंगिकता पर सवाल गहरे हुए हैं। हालांकि इससे विपक्षी गठबंधन के भविष्य को लेकर भी अटकलबाजियों को बल मिला है। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के कुछ विधायकों ने भाजपा के प्रत्याशी को मतदान किया, तो कुछ उसके समर्थन में मतदान से अनुपस्थित रहे। हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस के कुछ विधायकों के भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के दावे किए जा रहे हैं। दोनों जगह विधायकों के इस तरह दगा करने के पीछे मुख्य वजह पार्टी आलाकमान से नाराजगी बताई जा रही है। उत्तर प्रदेश में तो समाजवादी पार्टी प्रमुख के सबसे भरोसेमंद और पार्टी के मुख्य सचेतक ही बाढ़बंदी तोड़ कर भाजपा के पाले में चले गए। कुछ दिनों पहले ही उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस ने मिल कर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। मगर राज्यसभा चुनाव में इस तरह सपा विधायकों के मतभेद उभरने और एक तरह से खुल्लमखुल्ला बगावत से लोकसभा चुनाव में पार्टी पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के आकलन गलत नहीं कहे जा सकते।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस की स्थिति मजबूत है, भाजपा और उसकी सीटों का अंतर भी काफी है, इसलिए वहां कोई खतरा नहीं माना जा रहा था। मगर हकीकत यह भी है कि वहां शक्ति के कई केंद्र बन चुके हैं। मगर उत्तर प्रदेश में विधायकों का असंतोष किसी पद को लेकर नहीं, बल्कि पार्टी अध्यक्ष के व्यवहार से उपजा अधिक जान पड़ता है। जैसा कि कुछ विधायकों ने जाहिर भी किया कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का रुक्ष व्यवहार उन्हें खटकता है। उनके सबसे करीबी माने जाने वाले और पार्टी के मुख्य सचेतक ने पत्र लिख कर राज्यसभा चुनाव में अपनी जिम्मेदारी से मुक्ति की प्रार्थना की थी। बताया जा रहा है कि वे भाजपा में शामिल होने वाले हैं। राजनीतिक दलों के संचालन में मुखिया का व्यवहार बहुत मायने रखता है।

अगर अखिलेश यादव अपने नेताओं और साथी संगठनों को साथ लेकर चल पाने में असमर्थ साबित हो रहे हैं, तो यह उनकी पार्टी के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता। हालांकि राज्यसभा चुनाव में दलीय बाडबंदी को धता बताते हुए दूसरे दल के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करना कोई नई बात नहीं है। कई विधायक दूसरे दल के प्रत्याशी को इसलिए भी मतदान कर देते हैं कि उससे उनके अच्छे संबंध होते हैं। हिमाचल प्रदेश में यह गणित भी काम आया। मगर इस तरह राजनेताओं की निष्ठा तो प्रश्नांकित होती ही है। न केवल पार्टी के प्रति, बल्कि उन मतदाताओं के प्रति भी, जिनके मतदान से उन्होंने विजय हासिल की है।

इसी प्रवृत्ति पर रोक लगाने के मकसद से दलबदल कानून बना था, मगर उसकी काट अक्सर निकाल ली जाती है। महाराष्ट्र और गोवा इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं, जहां दूसरी पार्टी से चुनाव जीत कर आए विधायक उन्हीं दलों से हाथ मिला कर सरकार में शामिल हो गए, जिसके खिलाफ चुनाव लड़े थे। ऐसे मामलों में न तो पार्टियां कुछ कर पाती हैं और न चुनाव आयोग कोई ठोस रास्ता निकाल पाता है। इसलिए दलबदल कानून को नए सिरे से प्रभावशाली बनाने की अपेक्षा स्वाभाविक है।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 80 : धनुष यज्ञ में शोभित श्री राम और लक्ष्मण, अन्य राजाओं के मन में ईर्ष्या के शूल

डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय



महाराज जनक ने महर्षि विश्वामित्र का स्वागत किया और उनके स्वागत मंत्री ने उन्हें मंच के पास स्थान ग्रहण कराया। उनके साथ श्री राम और लक्ष्मण भी विराजमान हुए। श्री राम और लक्ष्मण की शोभा देखते ही बनती थी। दोनों राजकुमारों को देखकर स्वयंवर में आमंत्रित अतिथि राजाओं के मन में अब स्वयं की जीत के प्रति संदेह पैदा होने लगा। एक तरफ वे इस बात को लेकर निश्चिंत थे कि राम जैसे सुकुमार दिखाई देने वाले युवक योद्धा तो हो ही नहीं सकते हैं। अतः शिव धनुष को उनके द्वारा नहीं उठाए जाने को लेकर आश्वस्त हुआ जा सकता है।कई राजा श्री राम के सुदर्शन व्यक्तित्व को लेकर विशेष रूप से ईर्ष्या से भर उठे। अगर आगे चलकर स्वयंवर की शर्तों में किंतु परंतु आया और अगर राजकुमारी सीता ने एक आकर्षक और सम्मोहक व्यक्तित्व को अपने जीवनसाथी के रूप में चुना, तो फिर राम प्रबल दावेदार हो सकते हैं।

सभी राजा स्वयंवर में अपने चयन को लेकर एक तरह से आश्वस्त हैं। वे मिथिला राज्य के वैभव से अवगत हैं और उन्होंने राजकुमारी सीता के शील, स्वभाव और सौंदर्य की भी प्रशंसा सुन रखी है।

जिन्हें स्वयं पर विश्वास नहीं है, वे गुरु विश्वामित्र और राम लक्ष्मण की उपस्थिति पर मन ही मन प्रश्न चिह्न लगा रहे हैं।

''ये दो राजकुमार कौन हैं? इनके साथ तो कोई राजकीय चिह्न, ध्वज आदि दिखाई नहीं दे रहा है। तो क्या ये इस आयोजन में अनाहूत हैं?''

अब राजाओं, ऋषि मुनियों व अन्य अतिथियों के द्वारा आसन ग्रहण करने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और पुरोहित शतानंद जी सभा की कार्यवाही प्रारंभ करने जा रहे हैं।इस बीच अवकाश देखकर महाराज जनक ने उनसे पूछा,

''सीमित निमंत्रण के बाद भी इतनी बड़ी संख्या में राजा और राजकुमार यहां पहुंचे हैं। मेरा एक मन तो ऐसे किसी स्वयंवर के आयोजन के पक्ष में नहीं था, लेकिन जब मैंने यह अनुभव किया कि भूमिजा के योग्य कोई वर मुझे ढूंढने से भी मिलना संभव नहीं है,तो ऐसा आयोजन करना पड़ रहा है।''

''आपने उचित कहा है महाराज! मेरी दृष्टि में आपका निर्णय सर्वथा उचित है।''

वातावरण में अभी भी यज्ञ के अग्निकुंड के पवित्र धूम्र के कई रेख बिखरे से हैं। समिधा के रूप में अर्पित द्रव्यों की सुगंध चहुं ओर फैली है। भगवान शिव के महाधनुष की विधिवत पूजा हो चुकी है।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।

लेखक ने इस रचना में रामकथा का एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -348



## सु- दोकू क्र.348



## अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड किस हद तक सेहत को करते हैं ख़राब



अगर आप रेल या सड़क से लंबी यात्रा कर रहे हों या फिर कहीं घूमने गए हों और बीच सफ़र में भूख लग जाए तो पेट भरने के लिए दाल, चावल या रोटी जैसे विकल्पों की तुलना में आपको चिप्स, बिस्किट और कोल्ड ड्रिंक्स जैसे भरपूर विकल्प मिल जाएंगे. कई बार हम यूं ही टाइम पास करने के लिए या फिर पेट भरा होने के बावजूद स्वाद की वजह से भी इन्हें खाते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि खाने-पीने की पारंपरिक चीज़ों की जगह खाए जाने वाले ये स्वादिष्ट विकल्प च्अल्ट्रा प्रोसेस्ड फ़ूडज् कहलाते हैं और इनका ज़्यादा इस्तेमाल सेहत के लिए हानिकारक होता है? यही नहीं, विशेषज्ञों का कहना है कि इन्हें कुछ इस तरह से तैयार किया जाता है ताकि इन्हें खाने में मज़ा आए और हम इनके आदी हो जाएं. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और इंडियन काउंसिल फ़ॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशन (आईसीआरआईईआर) की हाल ही में आई एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 10 सालों में भारत में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फ़ूड के बाज़ार में तेज़ी से बढ़ोतरी हुई है.

वह अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड का मतलब कुछ इस तरह बताते हैं, च्सरल शब्दों में समझें तो अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड वह खाद्य सामग्री है, जिसे आप आमतौर पर अपने किचन में नहीं बना सकते. यह सामान्य खाने की तरह नहीं दिखती. जैसे कि पैकेट में आने वाले चिप्स, चॉकलेट, बिस्किट और बड़े पैमाने पर बनाए गए ब्रेड और बन वगैरह.ज्ज् वे कहते है, च्हर समुदाय अपने स्वाद और पसंद के हिसाब से खाना तैयार करता है. इसे भी फूड प्रोसेसिंग यानी खाद्य प्रसंस्करण कहा जा सकता है. अगर हम दूध से दही बनाते हैं तो वो प्रोसेसिंग है. लेकिन अगर किसी बड़ी इंडस्ट्री में दूध से दही बनाया जाए और उसे स्वादिष्ट बनाने के लिए रंग, फ्लेवर, चीनी या कॉर्न सिरप डाला जाए तो यह अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड होगा.

अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड वह खाद्य सामग्री है, जिसे आप आमतौर पर अपने किचन में नहीं बना सकते. यह सामान्य खाने की तरह नहीं दिखती. डॉक्टर अरुण गुप्ता संयोजक, न्यूट्रिशन एडवोकेसी इन पब्लिक इंटरेस्ट वह कहते हैं कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड में डाली जाने वाली ये चीज़ें उनकी पोषकता नहीं बढ़ातीं बल्कि उन्हें इसलिए डाला जाता है ताकि आप इन्हें खाते रहें, इनकी बिक्री होती रहे और ज्यादा मुनाफ़ा हो. ऐसे में इन्हें सिर्फ़ बड़े उद्योग ही तैयार कर सकते हैं.

अल्ट्रा प्रोसेस्ड फ़ूड को कॉस्मैटिक फ़ूड भी कहा जाता है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक़, अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड ऐसी सामग्री से बनाए जाते हैं जिन्हें औद्योगिक तकनीकों और प्रक्रियाओं से तैयार किया जाता है. डब्लयूएचओ के अनुसार, अल्ट्रा प्रोसेस्ड चीज़ों के कुछ उदाहरण हैं- कार्बोनेटेड कोल्ड ड्रिंक मीठे, फ़ैट वाले या नमकीन स्नैक्स, कैंडी बड़े पैमाने पर तैयार ब्रेड, बिस्किट, पेस्ट्री, केक, फ्रूट योगर्ट रेडी टू ईट मीट, चीज़, पास्ता, पिज़्ज़ा, फ़िश, सॉसेज, बर्गर, हॉट डॉग इन्स्टेंट सूप, इन्स्टेंट नूडल्स, बेबी फॉर्मूला विशेषज्ञों के अनुसार इन सब चीज़ों में औद्योगिक प्रक्रिया के तहत चीनी, नमक, फ़ैट्स (वसा) या इमल्सिफ़ाई (दो अलग-अलग तरह के पदार्थों को मिलाना) करने वाले केमिकल और प्रिज़र्वेटिव डाले जाते हैं, जिन्हें हम अमूमन अपने किचन में इस्तेमाल नहीं करते. क्या आप खाने का पैकेट ख़रीदने से पहले उसे पढ़ते हैं?

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ न्यूट्रिशन में पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वी सुदर्शन राव बताते हैं कि जब सभ्यता की शुरुआत हुई तभी से प्रिज़र्वेशन (संरक्षण) का इस्तेमाल होने लगा. इसका मुख्य काम भोजन को लंबे समय के इस्तेमाल के लिए बैक्टीरिया और फफूंद आदि से ख़राब होने से बचाना था. वे बताते हैं, हमारे पूर्वजों ने ये जाना कि अगर खाद्य पदार्थों से नमी को निकाल लिया जाए तो उसे प्रिज़र्व किया जा सकता है. इसलिए सबसे पहले खाद्य पदार्थों को धूप में सुखाने से शुरुआत हुई, क्योंकि उन्होंने जाना कि सूखे हुए खाद्य पदार्थों को लंबे समय तक इस्तेमाल किया जा सकता है.

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लेकर आया है। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। किसी विषय में आ रही समस्याएं आज दूर हो जाएंगी। घर वालों के साथ अच्छा टाईम स्पेंड करेंगे। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। ऑफिस में जूनियर आपकी मदद के लिए तैयार रहेंगे।

**वृषभ** — आज आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से सहयोग मिलेगा, जिससे आपका काम समय पर पूरा होगा। आपको अपने कार्य में सफलता मिलेगी। साथ ही परिवार वालों का भी पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आपको तरक्की के नए रास्ते खुले नजर आएंगे। आप दोस्तों के साथ मूवी देखने का प्लान करेंगे। छात्रों को कोई गुड न्यूज मिल सकती है।

**मिथुन** — आज ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। धन लाभ के योग बन रहे हैं। आज आपकी कार्य क्षमता भविष्य में आपको फायदा दिलाएगी। सामाजिक स्तर पर आपका रुतबा बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र को बढ़ाने के लिए किसी मित्र से आर्थिक मदद मिलेगी। आस-पास के माहौल का लुफ्त उठाएंगे।

**कर्क** — आज पैसों के मामले में आपको किसी तरह की टेंशन लेने से बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में ध्यान से कार्यों को करने की जरूरत है। इस राशि के छात्रों को भी अच्छे रिजल्ट्स पाने के लिए मेहनत करनी होगी। माता-पिता का आपको पूरा साथ मिलेगा। आज आपका स्वास्थ्य बेहतर रहने वाला हैं।

**सिंह** — आज आपको सबके साथ अपने स्वभाव को बेहतर बनाकर रखने चाहिए । खासकर कि अपने दोस्तों के साथ रिश्ते में मजबूती लाने की जरूरत है। रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को जॉब का कोई अच्छा अवसर मिलेगा। आपको कोई भी अवसर हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। आपको थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए।

**कन्या** — आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। लोग आपसे खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशिप करने का विचार बनाएंगे। आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ हो सकता है। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को किसी समारोह में जाने का मौका मिलेगा। आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे।

**तुला** — आज आप परिवार के साथ देवी मां के मंदिर जाएंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी दोस्त की वजह से जॉब मिलेगी। नवविवाहित दंपत्ति आज एक दूसरे को उपहार देंगे। लेखकों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। आज आपके लेखन कार्यो की सराहना बड़े तौर पर होगी।

**वृश्चिक** — आज आप अपने करियर के बारे में सोच-विचार करेंगे। किसी काम के लिए आप नए सिरे से शुरुआत कर सकते हैं। आज आप हर तरह के वाद-विवाद से दूर रहेंगे, तो आपके लिए बेहतर होगा। परिवार वालों के साथ प्रेम भाव बनाए रखने की कोशिश करेंगे, रिश्ते में मजबूती आएगी। आज खेल में अच्छा प्रर्दशन करेंगे।

**धनु** — आज बड़े-बुजुर्ग अपने दोस्तों से मिल सकते हैं। आप अपने किसी खास दोस्त के घर पूजा में भी शामिल हो सकते हैं। आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। आज आपको लाभ के कई सारे मौके मिलेंगे। इस राशि के बच्चे आज कुछ क्रिएटिव कर सकते हैं। आपका कोई जरूरी काम आज समय पर पूरा हो जाएगा ।

**मकर** — आज आपको दोस्तों से कोई अच्छी खबर मिलने की उम्मीद है। ऑफिस में आपको अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। बिजनेस के क्षेत्र में भी बड़े-बड़े लोगों से मिलने में आपको किसी की मदद मिल सकती है। आपकी तरक्की सुनिश्चित है। दांपत्य जीवन में प्यार बना रहेगा। आप आसानी से खुशी तलाश लेंगे।

**कुंभ** — आज आपके हर काम का हल चुटकियों में निकल जाएगा। ऑफिस में भी आपके काम की तारीफ होगी। किसी प्रोजेक्ट के लिए आपको अपनी राय देने का मौका मिलेगा। अधिकारियों को आपकी राय पसंद भी आएगी। आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे। आज आपके सुख-सौभाग्य में बढ़ोतरी होगी।

**मीन** — आज आप कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं। मित्रों से आपको सहयोग प्राप्त होगा। आपको किसी नए बिजनेस डील के लिए विदेश जाने का ऑफर मिल सकता है। आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने की प्लानिंग करेंगे। इस राशि के बच्चों की पढ़ाई बेहतर तरीके से चलेगी। परिवार में सबकी सेहत अच्छी बनी रहेगी।

# सरपंच के खिलाफ मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत

*(संजू गुप्ता)*

छुरिया (दावा)। ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी के उपसरपंच सहित अन्य ग्रामीणों ने पंचायत के निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय में इसकी शिकायत कर जांच कर कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी में सरपंच ने पंचायत के निर्माण कार्यों में जमकर भर्राशाही की है। उपसरपंच श्रीमती सुंदरी बाई, पूर्व सरपंच चमार राय, घांसीराम पाल, संतोष कुमार, कमलेश कोर्राम, चंद्रशेखर साहू, दयालू राम, बसंत कुमार ने सरपंच पर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। उनका कहना है कि पुलिया निर्माण में सरपंच द्वारा जमकर गड़बड़ी की गई है। अपने स्वार्थ के चलते सरपंच ने अपने खेत जाने के मार्ग पर 15 लाख रूपये की लागत से पुलिया का निर्माण करा दिया है। इसी तरह मनरेगा के कार्यों में अपने परिवार के सदस्यों का फर्जी हाजिरी भरकर राशि का भी आहरण कर लिया गया है। वार्डो मे सी.सी.सड़क एवं मिट्टी ढुलाई, मुरूम ढुलाई में फर्जी बिल लगाकर राशि का गबन किया गया है । राज्य एवं केन्द्र शासन के महत्वपूर्ण योजना 14 वें एवं 15 वें वित्त योजना के पैसों का जमकर दुरूपयोग सरपंच द्वारा किया गया है ।




**० पंचायत के निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता को लेकर**
**० मामला ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी का**

### कई बार शिकायत, कार्यवाही नहीं

ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी के सरपंच हेमसिंह निर्मलकर के खिलाफ कई बार ग्रामीणों ने विधायक, सांसद, कलेक्टर, जिला एवं जनपद सीईओ के समक्षा पंचायत के निर्माण कार्यों में गड़बड़ी को लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन जिले के कांग्रेस नेताओं के संरक्षण में कार्यवाही तो दूर इस मामले की जांच तक नहीं की गई । इसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है।

### नक्सलियों के नाम पर धमकी देता है सरपंच

उपसरपंच श्रीमती सुदंरी बाई एवं अन्य ग्रामीणों ने सरपंच हेमसिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत पत्र में नक्सलियों के नाम पर विगत दो साल से सरपंच द्वारा डराए एवं धमकाए जाने की भी शिकायत की है।

### जांच कार्यवाही नहीं हुई तो, लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे ग्रामीण

झाड़ीखैरी के ग्रामीणों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी नारायण प्रसाद बंजारा को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि सरपंच के खिलाफ कई बार शासन प्रशासन को पंचायत के निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार तथा विभिन्न शिकायतों पर जांच की मांग की गई थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। यदि शीघ्र ही जांच कर कार्यवाही नहीं की गई तो वे लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

> 'शुक्रवार को स्वयं उपस्थित रह्कर ग्रामीणों की शिकायत की जांच कराई जायेगी ।
>
> **नारायण प्रसाद बंजारा**
> **सीईओ- जनपद पंचायत छुरिया**

# लिपिक संघ की मांग पर खैरागढ़ कलेक्टर ने विवादित व्याख्याता को हटाया, मूल पदस्थापना भेजा गया

**प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी ने जिला प्रशासन को आभार एवं जिले के लिपिकों को संघर्ष की सफलता की दो बधाई**

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर कार्यालय में संलग्न मकसूद खान व्याख्याता के व्यवहार से पीड़ित लिपिकों ने व्याख्याता को हटाए जाने की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया था। मामले में कार्यवाही ना होने पर कामकाज ठप्प करके धरने में बैठ गए थे। प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी के संज्ञान में मामला आने पर 13 फरवरी को प्रदेश अध्यक्ष धरने में शामिल हुए और कलेक्टर से वार्ता की, कलेक्टर ने व्याख्याता को हटाने आश्वस्त किया तब लिपिकों ने हड़ताल स्थगित की, छ.ग. प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ की मांग पर कलेक्टर द्वारा विवादित व्याख्याता को हटाने का आदेश जारी कर मूल पदस्थापना संस्था जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भेजा गया, संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी, प्रांतीय सचिव अभिलेख सिंह, जिलाध्यक्ष आलोक वैष्णव ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए जिले भर के लिपिकों को संघर्ष की सफलता की बधाई दी।

# दीवानभेड़ी में पोस्ट ऑफिस व राजस्व विभाग, राजस्व निरीक्षक ऑफिस का लोकार्पण



डोंगरगांव (दावा)। ग्राम पंचायत दीवानभेड़ी के सरपंच श्रीमती सुमित्रा नीलम गोस्वामी आतिथ्य में ग्राम में पोस्ट ऑफिस डाक सेवा एवं पटवारी कार्यलय, राजस्व निरीक्षक कार्यालय का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु द्वारा प्रदत्त वाटर कूलर प्राथमिक शाला दीवानभेड़ी व ग्राम पंचायत दीवानभेड़ी के लिए प्रदाय किया गया उसका भी लोकार्पण किया गया। डाक सेवा के अधिकारी एन बी गोस्वामी, उपस्थित थे। साथ ही डाक सेवा के अन्य अधिकारी कर्मचारी लगभग 25 -30 गांव का डाक कर्मचारी गण उपस्थित थे। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख लखन लाल साहू, हुकुम साहू, रामविलास साहू, दुबे साहू, दिलीप सिन्हा, कमलेश्वरी पटेल पंच एवं रोमनाथ साहू एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। अवसर पर राम रथ यात्रा का भी स्वागत कर आरती किया गया।

# चारभांठा में दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता संपन्न





**झांकी में काकरेल को अव्वल ईनाम कई मंडलियों ने जीते आकर्षक पुरस्कार**

राजनांदगांव (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला अंतर्गत ग्राम चारभांठा, ठेलकडीह में आगामी 24 और 25 फरवरी को विराट देवी जस झांकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ममता साहू जनपद सदस्य खैरागढ़, धनेश देवांगन, अध्यक्षता दुधे राम साहू सरपंच चारभांठा, देवकी बाई साहू पूर्व सरपंच, कमलेश्वर सांडे सरपंच बासुला, गौतम साहू सचिव ग्राम पंचायत चारभांठा, राकेश साहू उप सरपंच, कमलेश साहू पंच एवं समस्त पंच, ईश्वर साहू, देवलाल साहू, दुधे राम, कामता प्रसाद साहू, चंद्रश साहू, गंगा प्रसाद शामिल हुए।

इस स्पर्धा में झांकी वर्ग में पहला इनाम 7001 रुपए ओम नवरत्न सेवा जस झांकी परिवार ककरेल सोमनी को मिला। पुरुष रचना वर्ग में पहला इनाम 3000 रुपए श्री शिव शक्ति सेवा भजन मंडली पारींखुर्द भर्रेगांव को मिला। इसी प्रकार महिला रचना वर्ग में प्रथम पुरस्कार 2001 रुपए जय मां सरस्वती बालिका जस जगराता बगघरा मंडली ओम नगर उरला वार्ड दुर्ग को मिला। प्रतियोगिता की विस्तृत नतीजे इस प्रकार हैं, झांकी पक्ष में दूसरा इनाम अंजोरा, तीसरा अंडा, चौथा पटपर, पांचवा बेलोडी, छतवान सुपेला, सातवां चिखली की मंडली को मिला। पुरुष रचना वर्ग में दूसरा सुराडाबड़ी, तीसरा पचपेड़ी, चौथ डूमरडीकला, पांचवा चंदनपुर की मंडली को दिया गया। इसी प्रकार महिला रचना वर्ग में दूसरा ईनाम गोडरी, तीसरा जोरातरी चौथ डोमा, पांचवा कुर्सीडीह मंडली को मिला। विशेष पुरस्कारों की बात करें तो श्रेष्ठ दुर्गा बनने पर अंजोरा दानव पक्ष में अंडा, भगवा में जमरी, अनुशासन में करेठी, रचना में सलोनी धारा और वादन में सहसपुर जरवाही की मंडलियों को प्रत्येक 333 रुपए पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कैलाश साहू, सचिव सुनील साहू, उपाध्यक्ष तिलोक साहू सहित अन्य सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। उक्त जानकारी चारभांठा निवासी संजू साहू मिडियाकर्मी ने दी है।

# बुधवारी अंडर ब्रिज मार्ग प्रारंभ करने की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष छाबड़ा द्वारा सौपा गया ज्ञापन



**० आमजनों की मूलभूत सुविधा को नजरअंदाज कर रहे हैं रेलवे के अधिकारी व जिम्मेदार जनप्रतिनिधि**
**० रेल्वे अंडर ब्रिज क्र 303 विगत अनेक वर्षों से बंद**

डोंगरगढ़(दावा)। देश के उभरते हुए पर्यटन क्षेत्र की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार देश में लागू की जाने वाली अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं को डोंगरगढ़ क्षेत्र के लिए स्वीकृत करते आ रही है। जिसमें प्रसाद योजना से लेकर मंदिर क्षेत्र में ट्राय ट्रेन को चलाने की योजना भी शामिल है। किंतु जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के तानाशाही रवैया के कारण रेलवे क्षेत्र में निवासरत आम जनों को यातायात की पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पा रही है। जिसमें प्रमुख रूप से पुराने अंडर ब्रिज मार्ग का विगत अनेक वर्षों से बंद कर दिया जाना, तथा रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विभिन्न सड़कों का नवीनीकरण अथवा जीर्णोधार नहीं करना शामिल है। रेलवे क्षेत्र की समस्या को लेकर पालिका में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं वरिष्ठ पार्षद अमित छाबड़ा द्वारा समय-समय पर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की ओर समस्याओं के निदान हेतु ध्यान आकृष्ट किया जाता रहा है। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा रुचि नहीं लेने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है।

आवागमन की ज्वलंत समस्या के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा गया - अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचे रेलवे के आला अधिकारियों के समक्ष नगर पालिका क्षेत्र में निवासरत आम जनों की ज्वलंत समस्याओं के प्रति ध्यान आकर्षित करते हुए नेता प्रतिपक्ष छाबड़ा ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि डोंगरगढ़ माँ बम्लेश्वरी की धार्मिक नगरी है। जहाँ देश विदेश एवम प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटकों का डॉगरगढ़ भ्रमण के लिए निरन्तर आवागमन रहता हैं। डोंगरगढ़ शहर दो भागों में बसा हैं।जिसमे आधी जनसंख्या रेलवे पटरी के उस तरफ बसी है एवं दूसरी तरफ सभी एमरजेंसी सुविधा हॉस्पिटल, स्कूल, मार्केट, थाना हैं। जहां रेलवे अंडर ब्रिज बना तो है किंतु जनसुविधा के विपरीत जगह में निर्माण होने के कारण लोगों को एमरजैसी सुविधाओं व स्कूल बच्चों को लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। जिससे जनहानि की संभावना बनी हुई हैं। वही अंडर ब्रिज डोंगरगढ़ के प्रसिद्ध मेला ग्राउंड में होने के कारण लाखों दर्शनार्थियों के बीच से होकर गुजरता हैं। जिसमे ट्रैफिक समस्या बनी रहती हैं।

उलेखनीय है कि रेलवे ब्रिज क्रमांक 303 जो कि 50 वर्ष पुराना अंडर ब्रिज हैं। जिसमें शहरवासी पिछले कई वर्षों से सुविधाजनक आवागमन करते आ रहे थे। जिसको राज्य शासन के बजट 2016 भाग संख्या 24/5054 में 26 लाख की स्वीकृति कर सुव्यवस्थित एवं सुलभ आवागमन मार्ग बनाकर शहरवासियों को आपातकालीन परिस्थितियों एवं स्कूली बच्चों को लाभ देने का कार्य किया जा रहा था। किंतु डोंगरगढ रेल्वे स्टेशन में 4थी रेल लाइन का कार्य किया जाना था। जिसके कारण ब्रिज क्रमांक 303 को आवागमन हेतु बन्द किया गया था। चूँकि रेलवे द्वारा 4थी रेल लाइन कार्य पूर्ण हो गया हैं। इसलिये उक्त ब्रिज 303 को पुनः खोलने का कार्य आपके सहयोग से किया जाय। जिससे शहरवासियों को आपातकालीन परिस्थितियों में लाभ मिल सके। चुकी ब्रिज क्रमांक 303 ही लोगो के सुविधाजनक ब्रिज हैं इसलिये आपसे निवेदन है कि रेल्वे बिज क्रमांक 303 को मॉ बम्लेश्वरी धार्मिक नगरीवासियों के जनहित के लिए पुनः खोलने का कष्ट करें। ताकि वासियों को आपातकालीन परिस्थितियों में लाभ मिल सकें। चूँकि ब्रिज क्रमांक 303 ही लोगों के सुविधाजनक ब्रिज हैं इसलिये आपसे निवेदन है कि रेल्वे बिज क्रमांक 303 को मॉ बम्लेश्वरी धार्मिक नगरीवासियों के जनहित के लिए पुनः खोलने का कष्ट करें। ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद संतोष पांडे, जिला कलेक्टर अनुविभागीय अधिकारी लोकनिर्माण विभाग सेतु निर्माण उपसंभाग राजनांदगांव, अनुविभागीय अभियंता द.पु.म. रेलवे डॉगरगढ़ व अनु विभागीयअधिकारी (राजस्व) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ को भी प्रेषित की गई है। ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वाले प्रमुख जनप्रतिनिधियों में पार्षद अनिता लोकेश इन्दुरकर श्रीमति काजल डोंगरे, श्रीमति कुसुम मरकाम सहित अन्य जन प्रतिनिधि शामिल है।

# रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष बने निकेतन यदु



**छुईखदान ब्लॉक के ग्राम रोजगार सहायक संघ का हुआ चुनाव**

छुईखदान (दावा)। जनपद पंचायत छुईखदान के रोजगार सहायक संघ का आज चुनाव संपन्न हुआ जिसमें जनपद पंचायत छुईखदान के ग्राम रामपुर के रोजगार सहायक निकेतन यदु को सर्वम्मति से रोजगार सहायक संघ का अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया। संघ का चुनाव सम्पन्न कराने के लिए जिला रोजगार सहायक संघ के प्रांतीय टीम के उपस्थिति पर निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रांतीय टीम की तरफ पर्यवेक्षक से निलेश वैष्णव प्रांतीय सचिव एवं मोहित साहू प्रांतीय प्रवक्ता साथ में ब्लॉक खैरागढ़ से इराज सेन की उपस्थिति में अध्यक्ष पद के लिए निकेतन यदु एवं उपाध्यक्ष पद पर धर्मराज यादव साथ में सचिव पद के लिए दिलेश्वर चन्दन, संरक्षक के पद के लिए द्वारिका ठाकुर को निर्विरोध चुनाव सभी रोजगार सहायकों द्वारा सम्पन्न किया गया। चुनाव सम्पन्न होने के नव निर्वाचित अध्यक्ष को बधाईयों का तांता लग गया। ज्ञात हो की यह पहला मौका है जब वनांचल छेत्र से पहली बार किसी संगठन में अध्यक्ष बनने का मिला है। निकेतन यदु के अध्यक्ष बनने पर रेखा जंघेल, रोशन पटेल, अनुसूईया चंदेल, वेणुका यादव, सुनीता डेहरिन, चंम्पा अरुण, लिखन साहू, राम बाठु, अशोक जोशी, मोहित पोरते, भुवन मात्रे, सरजू यादव, राजू टंडन, अश्वनी कुर्रे, उमाशंकर जोशी, महेश्वरी, तरुणा जंघेल, दिव्या जंघेल, वासुदेव मुंजारे, दिनु महावीर सहित सभी रोजगार सहायकों ने श्री यदु के बनने पर खुशी जाहिर की।

# कोया पूनेम गोंडी गाथा कार्यक्रम संपन्न

डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। गोंड समाज मुड़ा परिक्षेत्र कलकसा के तत्वाधान में ग्राम कलकसा में चार दिवसीय कोया पूनेम गोंडी गाथा (धर्म दर्शन) का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके कथा वाचक मध्यप्रदेश निवासी तिरुमाल दादा शंकर शाह इरपाची थे।

प्रथम दिवस ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 15 गांव के स्वजातीय गण शामिल हुए और कलकसा ग्राम का पूरा भ्रमण किए। कलश यात्रा में सभी गोंडी संस्कृति वेशभूषा धारण कर गोंडी संस्कृति नृत्य मांदरी के थाप एवं बाजे-गाजे के साथ नाचते गाते रेला पाटा करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उसके बाद गोंडी धर्म संस्कृति से भूमकाओ द्वारा पंच कलश स्थापना कर गोगो किया। इसके बाद दादा इरपाची द्वारा कथा प्रारंभ किया जहां जीव जगत की उत्पत्ति से प्रारंभ किया। दूसरे दिन गुरु कुपार लिंगो एवं कली कंकाली दाई की गाथा, तीसरे दिवस तैतीश कोटि बच्चों की गाथा एवं चौथे दिवस ग्राम की देवी देवताओं की गाथा बहुत ही अच्छा ढंग से संगीत मय गोंडी धर्म दर्शन संस्कृति पर सुनाया। कथा में विशेष रूप से इस धरती में एशिया के भूभाग व गोंडवाना लैंड में रहने वाले सभी मानव जीवन पर आधारित रहा।

कार्यक्रम में प्रति दिवस हजारों की संख्या में लोग कथा को श्रवण किए। मध्यप्रदेश से आए भुमका काकोडिया द्वारा प्रति दिवस प्रातःकालीन लिंगों वाणी गोगो किया जाता था। जिसमें समाज के सैकड़ों (जोड़ा) पति-पत्नी, राजा-रानी के रूप में शामिल होते रहे। जो अपने सुख समृद्धि, शांति की मन्नत पूरी होने की फरियाद को लेकर शामिल होते थे। गोंडवाना यूथ क्लब कलकसा के युवा युवतियों ने प्रवेश द्वार से सभी श्रद्धालुओं को पीला चांवल से स्वागत करते हुए। उन्हें सम्मानपूर्वक उनके यथा स्थान तक पहुंचाया करते थे। जो गोंडी धर्म संस्कृति का एक अलग सा झलक दिखाई दिया। जिसे सभी सर्व समाज के लोगों ने खूब सराहा। मुड़ा परिक्षेत्र के पंद्रह गांव समाज द्वारा प्रति दिवस भोजन प्रसादी का व्यवस्था किया गया था।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महासभा के अध्यक्ष मदन नेताम, पूर्व विधायक भुनेश्वर सोभाराम बघेल, मनीष चंद्रवंशी पूर्व सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग, मुड़ा परिक्षेत्र के अध्यक्ष नरोत्तम सिंह कुंजाम, संचालक रमेश उईके, सरपंच अशोक दास साहू, रूदन उइके, तहसील अध्यक्ष संतोष पड़ोती, सुशीला नेताम उपस्थित थे।

समापन समारोह में तिरूमाल दादा तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम (विधायक) पाली तनाखार, हेमलाल मरकाम प्रदेश अध्यक्ष युवा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (छत्तीसगढ़), अनिल गोंड मध्यप्रदेश, लया दिव्या ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी डोंगरगढ़, भारत बरेठ थाना प्रभारी डोंगरगढ़, संत राम छेदैया गोंडवाना गौरा कलश प्रचारक, मनोज नेताम, भीष्म ठाकुर, पुरषोत्तम भलावी, जैन कुमार मेश्राम, घनश्याम साहू, टुमेश नेताम, कुंभलाल पदाम, धर्मेश छेदैया, किशोर नेताम, जितेन्द्र यूइके, भूमका मदन यूइके, सहित आसपास के हजारों की संख्या में स्वजातीय एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# डबल सप्लाई के लिए 4 करोड़ रुपये के 37 कि.मी. नई 33 के.व्ही. लाइनों का कार्य पूर्ण



**कुमरदा, हाटबंजारी, गैंदाटोला, बांधाबाजार, अम्बागढ़ चौकी एवं चिल्हाटी विद्युत उपकेन्द्रों से संबंधित लगभग 42 हजार उपभोक्ताओं को होगा से फायदा**

बांधाबाजार (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना योजना के अंतर्गत कुमरदा, हाटबंजारी, गैंदाटोला, बांधाबाजार, अम्बागढ़ चौकी एवं चिल्हाटी क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में 3 करोड़ 98 लाख रूपये की लागत से 37 कि.मी. नई 33 के.व्ही. लाइनों का निर्माणकर रिंग फारमेशन में डबल सप्लाई के लिए सिस्टम बनाकर विद्युत प्रदाय को सुदृढ़ीकृत किया गया है। इन नई लाईनों का ऊर्जीकरण राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टी.के. मेश्राम के मार्गदर्शन में अधीक्षण अभियंता सतीश कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता पी.सी. साहू, के.व्ही. मैथ्यू, एस.के. चन्द्राकर सहायक अभियंता अरुण साहू, अजय विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में बांधाबाजार उपकेन्द्र के लिए विद्युत सप्लाई की व्यवस्था कुमरदा 33 के.व्ही. फीडर से की जाती थी चूंकि इस फीडर से गैंदाटोला, चिल्हाटी एवं हाटबंजारी उपकेन्द्रों को भी विद्युत प्रदाय किया जाता है। कुमरदा, हाटबंजारी, गैंदाटोला, बांधाबाजार, अम्बागढ़ चौकी एवं चिल्हाटी में स्थित 33/11 के.व्ही. उपकेंद्रों में 33 के.व्ही. विद्युत लाइनों में डबल सप्लाई की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने की दृष्टि से अमलीडीह डोंगरगांव 132/33 के.व्ही. उच्च दाब उपकेंद्र से डोंगरगांव-कुमरदा-बांधाबाजार 27 कि.मी. 33 के.व्ही. की नई लाइन के निर्माण एवं मोंगरा बैराज-चिल्हाटी 10 कि.मी. 33 के.व्ही. नई लाइन के निर्माण से रिंग फारमेशन में डबल सप्लाई की विद्युत व्यवस्था मजबूत हुई है। जिससें कुमरदा, हाटबंजारी, गैंदाटोला, बांधाबाजार, अम्बागढ़ चौकी एवं चिल्हाटी क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के लगभग 42 हजार उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि रिंग फारमेशन 33 के.व्ही. लाइनों की एक ऐसी व्यवस्था जिसमें यदि किसी 33/11 के.व्ही विद्युत उपकेन्द्र में 33 के.व्ही. लाइन से विद्युत सप्लाई बाधित होती है, तो पूरा उपकेन्द्र ही बंद हो जाता है। जिससे संपूर्ण क्षेत्र में ब्रेकडाउन की समस्या निर्मित हो जाती है, ऐसी स्थिति से निपटने के लिए किसी दूसरे निकटतम उपकेन्द्र के लिए जा रही 33 के.व्ही. लाइन से प्रभावित उपकेन्द्र के लिए नई लाइन/नया स्ट्राक्चर तैयार कर डबल/ट्रिपल विद्युत सप्लाई व्यवस्था तैयार करना ही रिंग फारमेशन है। अम्बागढ़ चौकी, चिल्हाटी क्षेत्र के लिए विद्युत प्रदाय व्यवस्था मोहला के एकटकन्हार स्थित 132/33 के.व्ही. उच्च दाब उपकेंद्र एवं अमलीडीह डोंगरगांव 132/33 के.व्ही. उच्च दाब उपकेंद्र दोनों से हैं। जिससे यदि एक तरफ 33 के.व्ही. लाइनों में ब्रेकडाउन की समस्या उत्पन्न होती है, तो उससे दूसरी तरफ से मिली डबल विद्युत सप्लाई व्यवस्था से बहाल कर सकते हैं। मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना योजना के तहत 37 कि.मी. 33 के.व्ही, की नई लाइनों के निर्माण से कुमरदा, हाटबंजारी, बांधाबाजार, अम्बागढ़ चौकी एवं चिल्हाटी विद्युत उपकेन्द्रों विद्युत प्रदाय व्यवस्था और बेहतर हो गई। जिसका लाभ इस क्षेत्र के रहवासियों को मिल रही है।

### हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग प्रवीण्य सूची में प्रतीक्षा ने प्राप्त किया चौथा स्थान



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ अर्थशास्त्र विभाग की प्रतिभावान छात्रा कु.प्रतीक्षा भूते पिता दीपक भूते निवासी गणेश वार्ड नं 10 डोंगरगढ़ ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग प्रवीण्य सूची में चौथा स्थान हासिल कर अर्थशास्त्र विभाग एवं नेहरू महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

प्राचार्य डॉ श्रीमती ई. व्ही. रेवती, अर्थशास्त्र प्रमुख डॉ.आर. आर.कोचे, मनीषा मैडम एवं पूरे महाविद्यालय परिवार की ओर से सफलता हेतु बधाईयां एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

### डोंगरगढ़ में भाजपा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

डोंगरगढ़(दावा)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को भाजपा के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करने के साथ प्रभारियों के नामो की घोषणा करते हुए जवाबदारी दी गई। नगर पहुंचे लोकसभा के प्रभारी नारायण चंदेल, संयोजक मधुसूदन यादव, सह संयोजक नीलू शर्मा, दिनेश गाँधी ने कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारतमाता की पूजा अर्चना करने के बाद चुनाव प्रभारी, कार्यालय प्रभारी, शहर एवं ग्रामीण प्रभारी, चुनाव प्रक्रिया सम्बंधित विभिन्न जिम्मेवारी सौंपा गया। सभी ने इस बार 400 पार के संकल्प और जय श्री राम के नारे के साथ जीत का संकल्प लिया। सभी अतिथियों ने लोकसभा चुनाव को लेकर दिशा निर्देश देने के साथ अपने विचारो को कार्यकर्ता के समक्ष रखा। कार्यक्रम में हरविंदर सिंग मंगे, अमित जैन, लक्ष्मीनारायण, प्रदीप बाघ, कुलवंत कक्कड़, शशिकांत द्विवेदी, पवन मेश्राम, महेन्द्र भाई पटेल, सुनील जैन, प्रकाश चौरड़िया, संतु राव अन्ना, तुलसी मिश्रा, प्रकाश, महेन्द्र अग्रवाल, सत्यप्रकाश मिश्रा, राकेश अग्रवाल, परविंदर सिंग मोंटी, प्रिंस कक्कड़, मुरली गेडाम, मयंक डोंगरे, सुमित मिश्रा, सुमित ताम्रकार, रामसहाय डडसेना, विक्की भाटिया, पप्पु भाटिया, जसमीत सिंग, मनीष सोनी, रवि यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### मास्को में कल होगा एलेक्सी नवलनी का अंतिम संस्कार

मास्को। बीते दिनों रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के मुखर आलोचकों में से एक विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई थी। मिली जानकारी के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को मास्को में किया जाएगा। प्रवक्ता कायरा यारमिश ने एक्स पोस्ट में कहा कि मास्को के मैरीनो स्थित चर्च में अंतिम संस्कार किया जाएगा।उन्होंने कहा कि उन्हें चर्च के पास स्थित बोरिसोव्स्काय कब्रिस्तान में दफनाया जाएगा। नवलनी की मौत 16 फरवरी को आर्कटिक क्षेत्र के पास स्थित जेल में हो गई थी। उनके समर्थक इसका आरोप राष्ट्रपति पुतिन पर लगा रहे हैं। वहीं, इस मामले में कई पश्चिमी नेताओं का कहना है कि इसके पीछे पुतिन का हाथ है। क्रेमलिन नवलीन और उनके समर्थकों को अमेरिकी समर्थक चरमपंथी मानता है।क्रेमलिन ने इस मामले में अपना हाथ होने से इनकार कर दिया है। मृत्यु प्रमाण पत्र में कहा गया है कि उनकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है। उनके समर्थकों की ओर से पहले उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए एक बड़ा हॉल बुक किए जाने का प्रयास किया गया, लेकिन इसमें उन्हें सफलता नहीं मिल सकी।नवलनी को पुतिन का घोर विरोधी माना जाता है और उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास किए थे। 1976 में जन्मे नवलनी ने कानून की पढ़ाई की और एक सफल वकील के रूप में अपनी पहचान स्थापित की, लेकिन साल 2008 में उन्होंने एक ब्लॉग लिखकर सरकारी कंपनियों के घोटालों को उजागर किया था।

### पख्तूनख्वा में खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस, 10 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में मंगलवार देर रात यात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई। इस घटना में कम से कम 10 लोगों के मारे जाने की खबर है। वहीं, 15 से अधिक लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि बस काफी तेजी से चल रही थी। इसी दौरान एक मोड़ पर ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और बस खाई में गिर गई। बताया गया है कि यह बस हरिपुर जिले में खानपुर के पहाड़ी गांव की तरफ जा रही थी। रास्ते में तरनावा में यह हादसे का शिकार हो गई।

मृतकों में पुरुष, महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। बस के खाई में गिरने की खबर मिलते ही राहत-बचाव दलों को घटनास्थल पर रवाना किया गया। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रोहित शर्मा होंगे टी20 वर्ल्ड कप में कप्तान

नई दिल्ली। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में हार के बाद अब टीम इंडिया की नजर टी20 वर्ल्ड कप 2024 को जीतने पर होगी। टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत जून में होगी। यह टूर्नामेंट वेस्टइंडीज और यूएसए की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा, लेकिन उससे पहले यह सवाल उठ रहा है कि भारत के 15 लड़ाके कौन होंगे जो भारत को 11 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी जीताने में मदद करेंगे।

बता दें कि 14 फरवरी को बीसीसीआई सचिव जय शाह ने यह कहा था कि टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की कप्तानी रोहित शर्मा संभालते हुए नजर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ही हम टी20 वर्ल्ड कप 2024 की ट्रॉफी इस बार रोहित शर्मा की कप्तानी में जीतने वाले हैं। हालांकि उनके अलावा 14 खिलाड़ी कौन होंगे इसपर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है। न्यूज 24 स्पोर्ट्स ने संभावित 15 खिलाड़ी वर्ल्ड कप 2024 के स्क्वॉड में चुने हैं। जो इस बार भारत को टी20 वर्ल्ड कप जीताने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### एसजेवीएन राजस्थान इकाई से जम्मू-कश्मीर को 300 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति करेगा

नई दिल्ली। एसजेवीएन लिमिटेड ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एसजेवीएन राजस्थान में बीकानेर स्थित 1,000 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एसजीईएल) के जरिए 300 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए जम्मू और कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ बिजली उपयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एसजेवीएन की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गीता कपूर ने बताया कि बीकानेर सौर ऊर्जा परियोजना आईआरईडीए योजना के तहत 5,491 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जा रही है। परियोजना को घरेलू सामग्री जरूरत मोड के तहत विकसित किया जा रहा है और इसके जुलाई 2024 तक चालू होने की उम्मीद है।

# टेस्ट सीरीजः ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन का ऐलान, न्यूजीलैंड को लगा बड़ा झटका

**नईदिल्ली,। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 29 फरवरी से होने वाली है। सीरीज का पहला टेस्ट वेलिंग्टन में खेला जाएगा।कंगारू टीम ने इस मुकाबले के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। वहीं, दूसरी तरफ न्यूजीलैंड को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार खिलाड़ी डेवोन कॉनवे चोटिल होने के कारण पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं।**



कंगारू टीम ने अपनी प्लेइंग इलेवन में ज्यादा बदलाव नहीं किया है। स्टीव स्मिथ को टीम प्रबंधन ने सलामी बल्लेबाजी करने का एक और मौका दिया है। उनके जोड़ीदार उस्मान ख्वाजा होंगे।टीम में एकमात्र स्पिन गेंदबाज नाथन लियोन हैं।ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन- स्टीव स्मिथ, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और जोश हेजलवुड।

कॉनवे को पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ खेली गई टी-20 सीरीज के दौरान अंगूठे में चोट आ गई थी। इसी कारण वह पहला टेस्ट मैच नहीं खेलेंगे।8 मार्च को दूसरा टेस्ट मैच खेला जाना है। वह इस मुकाबले के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं ये अभी साफ नहीं हो पाया है। उनकी जगह हेनरी निकोल्स को टीम में मौका मिला है।केन विलियमसन पहले ही इस टेस्ट मैच से बाहर हैं। निकोल्स ने कीवी टीम के लिए अब तक 56 टेस्ट मुकाबले खेले हैं। इसकी 87 पारियों में इस खिलाड़ी ने 7 बार नाबाद रहते हुए 2,973 रन बनाए हैं।उनकी औसत 37.16 की रही है। उनके बल्ले से 9 शतक और 12 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 200 रन रहा है। वह 7 बार नाबाद भी रहे हैं।उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मुकाबला बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ साल 2023 में खेला था। ऑस्ट्रेलिया का न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में कमाल का रिकॉर्ड रहा है।

# सरकार ने 50 प्रतिशत तक घटाया पैसेंजर ट्रेनों का किराया

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले सरकार ने रेलवे यात्रियों को बड़ी राहत दी है। रेलवे द्वारा पैसेंजर ट्रेन के किरायों को प्री-कोविड स्तर तक घटा दिया गया है। सरकार के इस कदम से पैसेंजर ट्रेन के किराये में 40 से 50 प्रतिशत तक की कटौती हो सकती है। इस फैसले को रेलवे यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी राहत के तौर पर देखा जा रहा है।

आज के समय में पैसेंजर ट्रेनों को 'एक्सप्रेस स्पेशल' और 'मेमू/डेमू एक्सप्रेस' ट्रेनों के रूप में जाना जाता है। अब इन ट्रेनों के लिए द्वितीय श्रेणी के किराए को बहाल कर दिया गया है। रेलवे ऑथोरिटीज की ओर से इसके लिए मुख्य बुकिंग आरक्षण पर्यवेक्षकों को इस बदलाव के लिए नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। इसके बाद वे मेमू ट्रेन जिनका नंबर जीरो से शुरू होता है। उनके किराए में 50 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। ये बदलाव पूरे देश में 27 फरवरी से लागू हो गया है।

कोरोना महामारी के समय यात्रियों की भीड़ को कम करने के लिए सरकार की ओर से पैसेंजर ट्रेनों के किरायों को एक्सप्रेस ट्रेन जिनता कर दिया गया था। साथ चरणबद्ध तरीके से पैसेंजर ट्रेनों को बंद कर दिया गया। इनकी जगह स्पेशल एक्सप्रेस और मेमू ट्रेनों को दी गई। इस बदलाव के कारण ट्रेनों के न्यूनतम किराए को बढ़ाकर 10 रुपये से 30 रुपये कर किया गया था।

# मालदीव के ड्रैगन रिसर्च जहाज को श्रीलंका ने नहीं दी एंट्री

माले। चीन का रिसर्च जहाज मालदीव से रवाना हो गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले हफ्ते चीन का 4500 टन वाला हाई टेक रिसर्च जहाज मालदीव पहुंचा था, जो बुधवार को यहां से रवाना हो गया।चीन के रिसर्च जहाज के मालदीव पहुंचने के साथ ही तरह-तरह के सवाल खड़े हो गए? आखिर चीनी जहाज मालदीव क्यों आया? इसको लेकर आधिकारिक तौर पर कहा गया कि चीनी जहाज %जियांग यांग होंग 3% अपने कर्मियों के रोटेशन और पुनःपूर्ति के लिए एक पोर्ट कॉल करने के लिए मालदीव आया था।

समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि 22 फरवरी को माले में डॉकिंग के बाद जियांग यांग होंग 03 मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र की सीमा पर लौट आया है। हालांकि, माले बंदरगाह से जाने करने के बावजूद ट्रैकिंग साइटों ने दो दिन पहले हुलहुमाले के पास जहाज का आखिरी संकेत दिखाया है।

हुलहुमाले माले से लगभग 10 किमी उत्तर पूर्व में है। जहाज 23 फरवरी को माले के पश्चिम में लगभग 7.5 किमी दूर थिलाफुशी में ठहरा हुआ था। रिपोट्स के मुताबिक, ऐसी संभावना जताई जा रही है कि जहाज ने 22 जनवरी को माले के रास्ते में ट्रैकिंग सिस्टम को बंद दिया होगा।

जियांग यांग होंग 03 को साल 2016 में चीन के राज्य महासागरीय प्रशासन के बेड़े में शामिल किया गया था।

# धर्मशाला टेस्ट से बाहर होंगे केएल राहुल? इलाज के लिए गए लंदन

नईदिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच 7 मार्च से खेला जाएगा. यह मुकाबला धर्मशाला में खेला जाना है. टीम इंडिया के दिग्गज खिलाड़ी केएल राहुल इस मैच से बाहर हो सकते हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो राहुल इलाज के लिए लंदन गए हैं. राहुल इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में खेले थे. लेकिन इसके बाद पिछले तीन मैच नहीं खेल पाए थे. उनकी मांसपेशियों में दर्द है.



राहुल टीम इंडिया के लिए हैदराबाद टेस्ट में खेले थे. लेकिन इसके बाद से टीम से बाहर चल रहे हैं. उनकी दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत थी. इस बीच खबर आई थी कि राहुल राजकोट टेस्ट खेल सकते हैं. लेकिन वे राजकोट टेस्ट में नहीं खेल पाए. इसके बाद लगातार टीम से बाहर चल रहे हैं. रिपोर्ट के मुताबिक राहुल इलाज के लिए लंदन गए हैं. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की सिलेक्शन कमेट राहुल को लेकर किसी भी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहती है. राहुल अब धर्मशाला टेस्ट में खेलेंगे या नहीं इस पर संशय बना हुआ है.

# पाकिस्तान में मोदी मॉडल की हो रही है कॉपी!

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में इतिहास रचते हुए मरियम नवाज शरीफ हाल ही में पहली महिला मुख्यमंत्री बनी हैं. पद संभालने के बाद उन्होंने लोगों से वादा करते हुए कहा था कि वह पंजाब को काफी आगे लेकर जाना चाहती हैं. उन्होंने अपने वादे पर काम करना भी शुरू कर दिया है. हालांकि, वह जिस प्लान के तहत काम कर रही हैं. उसकी तुलना भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की जा रही है.

पाकिस्तान के निर्वासित मानवाधिकार कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने मरियम के विकास विकास मॉडल की तुलना पीएम नरेंद्र मोदी से की है. न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक मिर्जा का मानना है, स्मार्ट शहर, आर्थिक गतिविधियां, सड़क सुविधा, किसानों के लिए बाजार और आम लोगों के लिए उच्चतम स्वास्थ्य व्यवस्था जैसी जो भी उनकी तरफ से पहल देखी जा रही है वह भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी के आर्थिक मॉडल से मिलता-जुलता हुआ नजर आ रहा है.

सीएम पद पर काबिज होने के बाद मरियम नवाज शरीफ ने प्रांतीय विधानसभा में जोरदार भाषण दिया था. इस दौरान उन्होंने लोगों के सामने अपने विकास की योजना रखी. उन्होंने विधानसभा में कहा पंजाब को वह इकोनॉमिक हब बनाना चाहती हैं. जिसकी नीतियों पर वह काफी समय से काम कर रही हैं.

# तीसरी तिमाही में 6.8 फीसदी रह सकती है भारत की GDP विकास दर, SBI ने जताया अनुमान

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाते हुए अपना विश्लेषण जारी किया है।

उनकी रिपोर्ट में पता चला है कि अपरिवर्तित बेस के आधार पर जीडीपी की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना है, लेकिन वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही के अनुमानों में अपेक्षित गिरावट के कारण संभावित रूप से 7 प्रतिशत तक पहुंच सकती है।

एसबीआई के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष के अनुसार रिपोर्ट वैश?व?िक आर्थ?िक परिदृश?य की एक मिश्रित तस?वीर पेश करती है जिसमें विकास की गति को कई महत?वपूर्ण कारक प्रभावित कर रहे हैं। अंतरराष?ट्रीय मुद्रा कोष (ढ्ढरूस्न) ने अपने वैश्विक विकास पूर्वानुमान को 2024 में 3.1 प्रतिशत और 2025 में 3.2 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है, जो एक उज्ज्वल दृष्टिकोण का संकेत देता है। हालांकि इसके लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ब्रिटेन और



जापान जैसे देश मंदी की चपेट में हैं, साथ ही जर्मन अर्थव्यवस्था पर चिंताएं भी हैं। इसके अलावा अपस्फीति संबंधी चिंताओं और औद्योगिक मुनाफे में गिरावट से प्रेरित चीन की मंदी वैश्विक परिदृश्य को और जटिल बनाती नजर आ रही हैं।इसके विपरीत, भारत के घरेलू आर्थिक संकेतक आशावाद के संकेत दिखाते हैं। आर्थिक स्थिति और रोजगार स्थितियों के संबंध में सकारात्मक भावनाओं से समर्थित उपभोक्ता विश्वास मजबूत हुआ है। विभिन्न उद्यम सर्वेक्षण भी मजबूत व्यावसायिक आशावाद को दर्शाते हैं।कंपोजिट लीडिंग इंडिकेटर (सीएलआई) इंडेक्स वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधि में मामूली नरमी का सुझाव देता है। आपको बता दें कि इसमें विभिन्न क्षेत्रों के 41 प्रमुख संकेतक शामिल हैं। इस डेटा के आधार पर, एसबीआई आर्थिक अनुसंधान विभाग का अनुमान है कि जीडीपी वृद्धि 6.7-6.9 प्रतिशत के बीच होगी, जिसमें सकल मूल्य वर्धित (त्र्ङ्क) वृद्धि 6.6 प्रतिशत होगी।

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग पैटर्न में तेजी के कारण कॉर्पोरेट भारत लगातार मजबूत प्रदर्शन कर रहा है। QxFYwy के कॉर्पोरेट नतीजे मार्जिन में उल्लेखनीय सुधार के साथ EBIDTA और PAT में महत्वपूर्ण वृद्धि का संकेत देते हैं। कॉर्पोरेट जीवीए, ने पिछले वर्ष की तुलना में मजबूत वृद्धि दर्ज की, जिसे EBIDTA प्लस कर्मचारी खर्चों द्वारा मापा जाता है। कृषि क्षेत्र को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वित्त वर्ष 2023 की तुलना में 2023-24 के लिए प्रमुख खरीफ फसलों के अनुमानित उत्पादन में गिरावट आई है। जबकि रबी फसलों की बुआई का मौसम कुल क्षेत्रफल में मामूली वृद्धि का संकेत देता है, अनाज के तहत बोए गए क्षेत्र में गिरावट पर चिंताएं पैदा होती हैं।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग्स में यशस्वी जायसवाल 12वें पायदान पर

नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में यशस्वी जायसवाल का बल्ला आग उगल रहा है. इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की फेहरिस्त में यशस्वी जायसवाल टॉप पर हैं. उन्होंने 4 टेस्ट मैचों की 8 पारियों में 93.57 की एवरेज से 655 रन बनाए हैं. वहीं, यशस्वी जायसवाल को शानदार बल्लेबाजी का फायदा आईसीसी रैंकिंग्स में हुआ है. आईसीसी टेस्ट रैंकिंग्स में यशस्वी जायसवाल 12वें पायदान पर पहुंच गए हैं. इस युवा बल्लेबाज के 727 रेटिंग प्वॉइंट्स हैं. रांची टेस्ट से पहले यशस्वी जायसवाल 15वें पायदान पर थे. इस तरह 3 पायदान का फायदा मिला है.

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग्स में एकमात्र भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली टॉप-10 में हैं. लेकिन पांचवें टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के पास विराट कोहली को पीछे छोड़ने का मौका होगा. विराट कोहली के 744 रेटिंग प्वॉइंट्स हैं, वह रैंकिंग्स में 9वें पायदान पर हैं. इस तरह विराट कोहली से यशस्वी जायसवाल महज 17 प्वॉइंट्स पीछे हैं. विराट कोहली के अलावा अन्य कोई भारतीय बल्लेबाज आईसीसी रैंकिंग्स के टॉप-10 का हिस्सा नहीं है. भारत के बाकी बल्लेबाजों की बात करें तो रोहित शर्मा 13वें नंबर पर काबिज हैं. जबकि ऋषभ पंत 14वें नंबर पर बने हुए हैं. हालांकि, आईसीसी की ताजा रैंकिंग्स में सबसे लंगी छलांग ध्रुव जुरेल ने लगाई है. रांची टेस्ट से पहले ध्रुव जुरेल 69वें पायदान पर थे, लेकिन अब 31वें पायदान पर आ गए हैं.

## प्रथम पृष्ठ का शेष

***गांव के लोगों को आर्थिक संबल देना मेरी प्राथमिकता....***

विदर्भ के जल संकट की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद 100 बड़ी सिंचाई परियोजनाएं लटकाकर रखी गई थीं। इनमें से 26 महाराष्ट्र की थीं। महाराष्ट्र के किसानों को यह जानने का हक है कि ये परियोजनाएं किसके पापों के कारण लटकी हुई थीं। अब इनमें से 12 पूरी हो चुकी हैं और शेष पर काम चल रहा है।

***छत्तीसगढ़ में अक्टूबर से मनरेगा ...***

नहीं होता है। हमने तत्कालीन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से निवेदन किया था कि मनरेगा का काम स्वीकृत करें ताकि लोगों को रोजगार दे सकें। हमारा निर्णय गरीबों को 100 दिन रोजगार देने का था। यहां तो राशन कार्डधारी हैं, उनकी संख्या लगभग 35 लाख 25 हजार 309 है। जिनको 100 दिन का रोजगार मिला है, उनकी संख्या मात्र दो लाख है। स्वाभाविक है कि हमारे पास रोजगार नहीं है और हम लोग पलायन कर रहे हैं।

मेरा परिवार भी करता था पलायन- महंत- नेता प्रतिपक्ष महंत ने बताया कि मेरा परिवार भी पलायन करता था। मुझे यह कहने में लज्जा नहीं है। मेरा परिवार असम जाता था, वहां के चाय बागानों में काम करते थे। इस मामले में कांग्रेस विधायक उमेश पटेल, विक्रम मंडावी, अनिला भेड़िया, संगीता सिन्हा, रामकुमार यादव अन्य ने भी मनरेगा मजदूरों को पर्याप्त रोजगार और उसका भुगतान नहीं मिलने पर स्थगन प्रस्ताव लाया। उन्होंने कहा कि इस योजना में लापरवाही का खामियाजा मजदूरो को भुगतना पड़ रहा है और वह पलायन कर रहे हैं ।

***तमिलनाडु सरकार के विज्ञापन में चीन....***

वे भारत की अंतरिक्ष सफलता को सामने नहीं रखना चाहते थे. तमिलनाडु बीजेपी अध्यक्ष के अन्नामलाई ने डीएमके के अखबार में छपे विज्ञापन का कटिंग शेयर किया. उन्होंने लिखा- डीएमके सरकार का चीन के प्रति प्रेम कम नहीं हुआ. इन लोगों ने हमारे देश की संप्रभुता को दरकिनार किया है. आज का विज्ञापन इसका उदाहरण है. डीएमके कुलसेकरापतिनम में इसरो के दूसरे लॉन्च पैड की घोषणा के बाद से स्टिकर चिपकाने के लिए बेताब है. डीएमके ही वह पार्टी है जिसके कारण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र आज आंध्र प्रदेश में है, न कि तमिलनाडु में. बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुलाशेखरपट्टीनम में इसरो के नए लॉन्च कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखी. इसे 986 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा. यहां से हर साल 24 लॉन्चिंग की जाएगी. कॉम्प्लेक्स में 35 फैसिलिटी और एक मोबाइल लॉन्च स्ट्रक्चर शामिल है.

***सीएम विष्णुदेव साय की सुरक्षा में बड़ी....***

हालांकि अभी तक यह स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ पाई है की मुख्यमंत्री के कार्यालय तक पिस्तौल लेकर पहुंचने वाला व्यक्ति कौन है? खबरों के अनुसार वह शख्स ठेकेदार बताया जा रहा है, वहीं दूसरी सूचना उसे पार्टी से जुड़ा व्यक्ति भी बता रही है। खबर लिखे जाने तक व्यक्ति के साथ क्या कार्रवाई हुई है यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# बीसीसीआई ने किया सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का एलान, युवा खिलाड़ियों की लगी लॉटरी, और श्रेयस अय्यर और ईशान किशन पर गिरी गाज



नई दिल्ली। बीसीसीआई ने बुधवार को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का एलान कर दिया। बीसीसीआई द्वारा जारी खिलाड़ियों का रिटेनरशिप 1 अक्टूबर 2023 से 30 सितंबर 2024 तक के लिए मान्य रहेगा। ग्रेड ए प्लस की श्रेणी में मात्र चार खिलाड़ियों को जगह दी गई। वहीं, युवा खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल को ग्रेड बी में शामिल किया गया है।

बीसीसीआई ने वार्षिक खिलाड़ी रिटेनरशिप 2023-24 की घोषणा की कर दी है। इसमें कई युवा खिलाड़ियों की किस्मत खुल गई है। वहीं, बीसीसीआई के नियमों की अनदेखी करने के चलते श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्स से बाहर कर दिया गया है।

### ध्रुव जुरेल और सरफराज हो सकते हैं शामिल

इसके अलावा जो खिलाड़ी जारी समय सीमा के भीतर न्यूनतम 3 टेस्ट या 8 वनडे या 10 टी20ढ्ढ खेलने के मानदंडों को पूरा करते हैं।

उन्हें ग्रेड सी में शामिल किया जाएगा। ध्रुव जुरेल और सरफराज खान अब तक 2 टेस्ट मैच खेल चुके हैं अगर वे धर्मशाला टेस्ट मैच में भारतीय प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होते हैं तो वह ग्रेड सी में अपने आप शामिल हो जाएंगे।

### फास्ट बॉलिंग अनुबंध की हुई है सिफारिश

वहीं, राष्ट्रीय चयन समिति ने बीसीसीआई से फास्ट बॉलिंग अनुबंध की भी सिफारिश की है। इसमें आकाश दीप, विजयकुमार वैश्यक, उमरान मलिक, यश दयाल और विदवथ कावेरप्पा जैसे गेंदबाजों को शामिल किया गया है। इन खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत लगाने की सिफारिश की गई है।

# यूपी वॉरियर्स ने महिला प्रीमियर लीग में खोला खाता, गत विजेता मुंबई इंडियंस की पहली हार

बेंगलुरू। महिला प्रीमियर लीग के छठे मुकाबले में यूपी वॉरियर्स ने गत विजेता मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हरा दिया। बुधवार (28 फरवरी) को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में उसने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सीजन में पहली जीत हासिल की थी। इससे पहले यूपी को दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। दूसरी ओर, मुंबई को पहली हार का सामना करना पड़ा है। उसे दिल्ली और गुजरात जाएंट्स के खिलाफ जीत हासिल की थी। टूर्नामेंट के इतिहास में यूपी और मुंबई की टीमों के बीच यह चौथा मुकाबला था। दोनों टीमें अब दो-दो की बराबरी पर आ गई हैं। पिछले सीजन में लीग राउंड में मुंबई और यूपी ने एक-दूसरे के खिलाफ एक-एक मैच में जीत हासिल की थी। उसके बाद एलिमिनेटर में मुंबई ने यूपी को हराया था। इस तरह वह हेड टू हेड में 2-1 से आगे था। अब यूपी ने इसे 2-2 से बराबर कर दिया।





यूपी ने 16.3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल किया

यूपी की कप्तान एलिसा हेली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। मुंबई ने 20 ओवर में छह विकेट पर 161 रन बनाए। यूपी की टीम ने 16.3 ओवर में 163 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। यूपी का अगला मुकाबला एक मार्च को दिल्ली कैपिटल्स से है। वहीं, मुंबई की टीम दो मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उतरेगी।

### किरण और हेली ने की 96 रनों की साझेदारी

यूपी के लिए किरण नवगिरे ने विस्फोटक अर्धशतक लगाया। उन्होंने 31 गेंद पर 57 रन की पारी खेली। इस दौरान छह चौके और चार छक्के लगाए। कप्तान एलिसा हेली ने 29 गेंद पर 33 रन बनाए। नवगिरे और हेली ने पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी कर यूपी की जीत की नींव रखी। ताहिला मैक्ग्रा एक रन बनाकर आउट हुईं। ग्रेस हैरिस और दीप्ति शर्मा ने चौथे विकेट के लिए नाबाद 65 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। हैरिस ने 17 गेंद पर नाबाद 38 रन बनाए। उन्होंने छह चौके और एक छक्का लगाया। दीप्ति शर्मा ने 20 गेंद पर चार चौकों की मदद से नाबाद 27 रन बनाए। मुंबई के लिए इस्सी वोन्ग ने दो विकेट लिए। अमेलिया केर को एक सफलता मिली।

### मैथ्यूज ने सीजन में पहला अर्धशतक लगाया

इससे पहले मुंबई के लिए हीली मैथ्यूज ने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 47 गेंद पर 55 रन बनाए। मैथ्यूज का सीजन में यह पहला अर्धशतक है। यास्तिका भाटिया ने 26 और अमेलिया केर ने 23 रन बनाए। कार्यवाहक कप्तान नताली सीवर ब्रंट 19, पूजा वस्त्राकर 18 और अंजलि सरवानी चार रन बनाकर आउट हुईं। इस्सी वोन्ग ने छह गेंद पर नाबाद 15 रन बनाए। अमनजोत कौर खाता खोले बगैर नाबाद रहीं।

# कांग्रेस शासनकाल में जिला पंचायत सदस्य रहते हुए, विधायक ने शराब माफियों के खिलाफ क्यों नहीं बोला

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की रोकथाम को लेकर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने विधानसभा में जमकर हंगामा कर सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ खुले तौर पर शराब माफिया को संरक्षण प्रदान करने का आरोप लगाया है।

विधायक श्रीमती बघेल द्वारा विधानसभा में अवैध शराब पर प्रतिबंध लगाने को लेकर लगातार दिए जा रहे व्यक्तव्य की कड़ी निंदा करते हुए डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक व प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती ने कांग्रेसियों पर शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के नाम पर सत्ता हासिल करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने गंगाजल की सौगंध खाने वाले तथाकथित कांग्रेस के नेताओं ने कांग्रेस शासन काल में शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के युवाओं को नशे के दलदल में धकेल दिया था। जिससे बाहर निकालने का कार्य मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है। ऐसे में डोंगरगढ़ क्षेत्र की विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल का यह कहना की शराब की अवैध बिक्री पर शासन



**निजी सुरक्षा गार्ड सहित अन्य कर्मचारियों को क्यों बर्दाश्त कर रही है विधायक, करें शिकायत, होगी कारवाई - रामजी भारती**

प्रशासन मौन है विधायक का यह कृत्य विपरीत धारा में जाकर वाह वाही बटोरने जैसा प्रतीत होता है।

श्री भारती ने विधायक श्रीमती बघेल पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा है कि, शराब माफियो का संरक्षण पाकर विधायक बनी श्रीमती बघेल की जुबान उस समय क्यों नहीं खुली जब उनके जिला पंचायत क्षेत्र घुमका में ट्रकों से दारू की सप्लाई की जा रही थी और अवैध शराब के व्यवसायियों के खिलाफ जिले के ईमानदार पुलिस अधिकारी द्वारा की गई प्रशासनिक कार्रवाई को तथाकथित शराब माफियों द्वारा दबा दिया गया था। इतना ही नहीं निर्वाचन क्षेत्र में दौरा करते समय खुले आम शराब का अवैध व्यवसाय होने के बावजूद उन्होंने जिला पंचायत सदस्य की हैसियत से क्यों नही मुखर्रता के साथ विरोध दर्ज कराया था। श्रीमती बघेल उस अवसर पर भी चुप्पी साधे रही जब घुमका एवं मोहारा क्षेत्र की अनुसूचित जाति वर्ग की महिला समूह को तथाकथित कांग्रेस के शराब माफिया गिरोह ने सरेआम लुटा और शासन द्वारा स्वीकृत किए गए शत प्रतिशत अनुदान के उनके निजी व्यवसाय को व्यापारियों के हाथो खुलेआम बेच दिया गया। आज उन बेकसूर महिला समूह की सदस्यों को लाखों रुपए शासन को लौटाना बाकी हैं।

**शराब माफियों के संरक्षण में विधायक बनी श्रीमती बघेल महिला समूह को लूटते देख रही**

श्रीमति बघेल का निजी गार्ड नशे में धुत पाया गया - अवैध शराब पर मुखर होकर विधानसभा के पटल पर अपनी बात रखने वाली श्रीमति बघेल की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष करते हुए श्री भारती ने कहा की, श्रीमती बघेल की हास्यपद स्थिति उस समय उजागर हो जाती है जब श्रीमती बघेल का यह कहती हुई नजर आती है कि उसका निजी सुरक्षा गार्ड भी शराब के नशे में धुत रहता है। यदि ऐसा है तो विधायक अपने निजी सुरक्षा गार्ड सहित अन्य कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत करें। जो शराब के आदी है और जिनके परिजन शराब के अवैध व्यवसाय में लंबे समय से संलग्न रहे हैं। प्रशासन निश्चित रूप कार्रवाई करेगी।

अवैध व्यवसाय में संलग्न शराब माफिया के खिलाफ की जा रही है करवाई -मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में कार्य कर रही प्रदेश सरकार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए श्री भारती ने कहा है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश स्तर पर अवैध शराब के व्यवसाईयों के खिलाफ युद्ध स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। इतना ही नहीं कांग्रेस शासन काल में शराब की आड़ में किए गए करोड़ों रुपए के फर्जीवाड़ा में शामिल नेता व अधिकारियों के खिलाफ भी खुले रूप में कार्रवाई की जा रही है। विगत 5 सालों में कांग्रेस के नेताओं ने शराब माफिया बनकर युवाओं को नशे के दलदल में धकेल दिया था। जिसे बाहर निकाल कर समाज की मुख्य धारा में लाने का कार्य शासन-प्रशासन द्वारा प्रशासनिक स्तर पर किया जा रहा है।

# जिले में सिकलसेल एनीमिया जांच महाअभियान आज

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में 29 फरवरी को एक दिवसीय सिकल सेल जांच महाअभियान का आयोजन किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एके बसोड़ ने बताया कि सिकल सेल जांच महाअभियान तहत 0 से 40 वर्ष के लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग सॉल्युबिलिटी टेस्ट एवं पीओसी टेस्ट के माध्यम से की जाएगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य 0 से 40 वर्ष के लोगों की स्क्रीनिंग कर पॉजिटिव मरीज को इलाज उपलब्ध कराना तथा निरंतर फॉलो अप करना है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन मिशन की शुरूआत राष्ट्रीय स्तर पर की थी जिसके तहत जिले में आगामी 3 वर्ष तक 0 से 40 वर्ष आयु समूह के सभी लोगों की स्क्रीनिंग कर सिकल सेल का उन्मूलन करना है। मरीजों का चिन्नांकन कर उन्हें उचित परामर्श एवं इलाज प्रदाय करना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि एकदिवसीय महाअभियान के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत मैदानी स्तर के अम्लों को लक्ष्य दिया गया है। जिसके तहत 0-40 वर्ष की आयु समूह की स्क्रीनिंग कर ऑनलाइन एंट्री दर्ज करनी है। इसके लिए आवश्यक तैयारी एवं कीट की उपलब्धता सभी केन्द्रों में कर दी गई है।

अभियान अंतर्गत 29 फरवरी को लगभग 45 हजार का स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें छुरिया विकासखंड में 10 हजार, डोंगरगांव विकासखंड में 8 हजार, डोंगरगढ़ विकासखंड 10 हजार, घुमका विकासखंड 10 हजार एवं राजनांदगांव शहरी क्षेत्र को 7 हजार का लक्ष्य सभी विकासखंडों को दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री बंसोड ने अभियान की पूर्व तैयारी के लिए वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से खंड चिकित्सा अधिकारियों, सभी मैदानी अमलों आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं तैयारी की समीक्षा की।

उन्होंने जनसामान्य से अपील की है कि वह अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर सिकल सेल एनीमिया की जांच अवश्य कराकर, आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर भविष्य का निर्माण करें।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेल मंडल नागपुर द्वारा विविध आयोजन

डोंगरगढ़(दावा)।अमृत भारत स्टेशन योजना एवं विकसित भारत 2047 के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अश्विनी वैष्णव केंद्रीय रेल संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार, रावसाहेब पाटील दानवे, रेल कोयला एवं खान राज्य मंत्री, श्रीमती दर्शना जरादोश रेल एवं वस्त्र राज्य मंत्री भारत सरकार, की उपस्थिति में 554 रेल्वे स्टेशन 1500 रोड ओवर ब्रिज/अंडर पास ब्रिज का दोपहर 1:30 बजे को वर्चुअल शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया ।

26 फरवरी को सुबह 10:45 से डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत रेलवे फाटक धुसेरा के अंडर ब्रिज निर्माण हेतु वर्चुअल शिलान्यास एवं उद्घाटन समारोह को अत्यंत हर्षोउल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की सुरूवात मुख्य अतिथि श्रीमती क्षत्रिय वर्मा नागतराई सरपंच, श्रीमती राधिका कवर जटकंहार सरपंच, पीतांबर सिन्हा सरपंच धूसेरा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नागतराई एवं धूसेरा के प्राचार्य, जिलामंत्री अल्प संख्यक मोर्चा





राजनांदगांव अब्दुल कादर की उपस्थिति में रेलवे टीम की तरफ से नोडल अधिकारी ऋषभ यादव सहायक मंडल अधिकारी डोंगरगढ़ के द्वारा स्वागत उद्बोधन शब्द के साथ आरंभ किया गया।

### 0 छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुति

कार्यक्रम के पूर्व धूसेरा एवं नागतराई के शासकीय मिडिल स्कूलों के छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। धूसेरा एवं नागतराई के शासकीय प्राथमिक शाला में ड्राइंग/पेंटिंग, स्लोगन लेखन एवम निबंध प्रतियोगिता का आयोजन में उत्कृष्ट विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। उसके उपरांत सभी मुख्य अतिथियों द्वारा भाषण दिया गया।

धुसेरा के अंडर ब्रिज निर्माण हेतु वर्चुअल शिलान्यास एवं उद्घाटन - 1:30 बजे से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे देश की जनता को एयरपोर्ट मॉडल पर निर्मित रेलवे स्टेशन का विकसित भारत 2047 की सौगात देते हुए को वर्चुअल शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित मुख्य अतिथियों द्वारा रेलवे नोडल अधिकारी ऋषभ यादव सहायक मंडल अधिकारी/डोंगरगढ़ के अधीन अनिल कुमार मौर्या सेक्शन इनचार्ज/वर्क्स/डोंगरगढ़, बी एच वेंकट सत्यनारायण कार्यालय अधीक्षक/पास अनुभाग/डोंगरगढ़/कार्मिक विभाग, प्रशान्त अग्रवाल डिप्टी सीटीआई/कमर्शियल राजनांदगांव, अब्दुल साजिद सिद्धकी डिप्टी सीटीआई/कमर्शियल राजनांदगांव, ओम प्रकाश सिंह टेलीकॉम कर्मचारी, चैन लाल, विश्वनाथ इलेक्ट्रिक स्टाफ, एएसआइ अर्जुन सिंह आरपीएफ स्टॉफ इत्यादि की उपस्थिति में आरओबी 472/धूसेरा गेट एवं आरओबी 473/नागतराई गेट का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया तत्पश्चात नोडल अधिकारी ऋषभ यादव द्वारा उपस्थित अथितियों एवं ग्रामीणों का रेलवे द्वारा स्वल्पाहार देकर सम्मानित किया गया।

# सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत वाटर प्यूरीफायर सिस्टम का वितरण

मानपुर (दावा)। वामपंथ प्रभावित जिले मोहल्ला मानपुर अं चौकी मे आई.टी.बी.पी नक्सल उन्मूलन अभियान के साथ-साथ अंचल के जरूरतमंद लोगों की हरसंभव सहायता भी करते रहे हैं। इसी क्रम में 27 वीं बटालियन आई.टी.बी.पी द्वारा दिनांक 26 फरवरी को अपने में अभियान क्षेत्र में पूर्व में संचालित स्वास्थ्य कैम्पों के माध्यम से उजागर हुई पीने के पानी सम्बंधित समस्याओं एवं बिमारियों स्वित संज्ञान लेते हुए ग्रामीणों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए पहल कर मानपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले थाना औंधी के गाँव मेहदाखुर्द एवं मोर्चूल में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन कर नॉन इलेक्ट्रिक वाटर प्यूरीफायर सिस्टम का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के तहत गांव मेहदाखुर्द एवं मोर्चूल के 50 गामीणों को नॉन इलेक्ट्रिक वाटर प्यूरीफायर सिस्टम वितरित किया गया।



इस मौके पर मौजूद आई.टी.बी.पी के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से बातचीत की गई जिसमें उन्हें दूषित जल से होने वाली बिमारियों के बारे में अवगत करवाया तथा साफ पानी के साथ-साथ स्वच्छता के महत्व के प्रति भी जागरूक किया। इस अवसर पर आई.टी.बी.पी द्वारा ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए भविष्य में भी सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत अन्य स्वास्थ्य सम्बंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा।

इसी क्रम में आई.टी.बी.पी के अधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि आई.टी.बी.पी क्षेत्र में उनकी सेवा एवं सुरक्षा के लिए तैनात है, साथ ही आई.टी.बी.पी द्वारा युवाओं के लिए औंधी में चलाये जा रहे निःशुल्की कैरियर काउसिंलिग तथा अगामी भर्ती परीक्षा के लिए निशुल्क प्रदान की जा रही लिखित एवं शारीरिक प्रशिक्षण के बारे में अवगत करवाते हुए अधिक से अधिक संख्याएं में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, ग्राम पटेल, सरपंच एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आधार निगरानी समिति की बैठक

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में आज आधार निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित आधार सेवा केंद्र के संचालन और इसके क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।




**○ शतप्रतिशत नागरिकों का आधार पंजीयन करें-कलेक्टर**
**○ किसी भी आधार का गलत उपयोग ना हो, नहीं तो होगी कड़ी कार्रवाई**

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले का हर एक नागरिक महत्वपूर्ण है और इन सभी नागरिकों का आधार पंजीयन हो, यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी दशा में कोई भी नागरिक आधार पंजीयन से वंचित न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जिले के समस्त आधार सेवा केंद्रों के संचालक यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी दशा में एक भी फर्जी आधार पंजीयन ना हो, इसके साथ ही किसी भी नागरिक के आधार का गलत इस्तेमाल ना हो, इसका संवेदनशीलता के साथ पालन किया जाए। किसी आधार पंजीयन का गलत इस्तेमाल किये जाने पर संबंधित आधार सेवा केंद्र के संचालक के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले में नया आधार केंद्र खोलने के संबंध में चर्चा की गई। आने वाले समय में जिले में एक और आधार पंजीयन केंद्र संचालित किया जाएगा। नवजात शिशुओं के आधार पंजीयन किये जाने के संबंध में यथाशीघ्र ही आधार पंजीयन केंद्र स्थापित किया जाएगा। 0 से 18 वर्ष के बच्चों का आधार बनाने के लिए एक अभियान के तौर पर कार्य योजना बनाकर आधार पंजीयन किया जायेगा। जिला स्तर पर सीएससी द्वारा आधार सेवा केंद्र स्थापित किया जाएगा। कलेक्टर ने आधार पंजीयन निगरानी समिति को समय-समय पर आधार सेवा केंद्रों का निरीक्षण और परीक्षण करने के निर्देश दिये हैं। आधार नंबर को मोबाइल नंबर से लिंक करने के साथ ही योजनाओं का लाभ लेने के लिए बैंक खातों से लिंक करने के निर्देश दिये गए हैं। बैठक में डीडीजी क्षेत्रिय कार्यालय यू.आई.डी.ए.आई हैदराबाद आशिष कुमार, सौरभ सिंग ई-जिला प्रबंधक चिप्स महेन्द्र वर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# जिला खनिज संस्थान न्यास प्रबंधकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया। बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास की राशि का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सिंचाई के लिए अधिक से अधिक उपयोग करने पर जोर दिया गया।

बैठक मे कलेक्टर ने जिले को अग्रणी जिला बनाने की दिशा में उच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों को करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को विभागों के अंतर्गत किये जाने वाले विकास कार्यों के लिए स्वीकृत राशि का सदुपयोग करते हुए प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कुपोषित बच्चों की विशेष देखभाल और पूर्ण रूप से स्वस्थ्य बनाने के लिए जिला खनिज न्यास निधि से राशि आवंटित करने के



**वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु वार्षिक कार्ययोजना का किया गया अनुमोदन**

संबंध में चर्चा की गई। इसी प्रकार छात्रावास में रहकर पढ़ रही बालिकाओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक राशि खर्च किये जाने पर भी चर्चा की गई।

गंभीर रूप से बीमार बच्चों और हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के उपचार के लिए भी राशि अंतरित करने पर बैठक में चर्चा की गई। शिक्षा के क्षेत्र में ट्विटर शिक्षकों की भर्ती करने, जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों के मरम्मत के लिए राशि खर्च करने पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने अधिकारियों को महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने कहा है।

जिला खनिज संस्थान न्यास के पास उपलब्ध निधि का कम से कम 60 प्रतिशत उच्च प्राथमिकता क्षेत्रों में उपयोजित करने का प्रावधान हैं। इसके अतंर्गत उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के तहत पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, स्वास्थ्य देख-भाल, शिक्षा, कृषि एवं अन्य संम्बद्ध गतिविधियां, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं निशक्तजन के कल्याण, कौशल एवं विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, सतत् जिविकोपार्जन के अलावा जन कल्याण के कार्यो के लिए इस राशि का उपयोग किया जायेगा। इसी तरह न्यास के शेष 40 प्रतिशत राशि को अन्य प्राथमिकता वालें क्षेत्रों में उपयोजित किये जाने का प्रावधान है। इसके अतंर्गत न्यास के 40 प्रतिशत राशि का उपयोग अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के अतंर्गत भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास, सार्वजनिक परिवहन, युवा गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा मूलभूत सुविधाओं के लिए किया जायेगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमति रत्ना सिंह, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, परियोजना निर्देशक हेमंत ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# महतारी वंदन योजना का लाभ सभी पात्र महिलाओं को मिले-कलेक्टर

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। कलेक्टर ने राज्य शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना, महतारी वंदन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पात्र महिलाओं को योजना का लाभ मिले और उनके खाते में निर्धारित राशि अंतरित हो, यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में किसी महिला के खाते में राशि अंतरित होने में कोई समस्या ना हो, इस पर सवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने कहा गया है। जिले के अंतर्गत महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों का परीक्षण कर अविलम्ब सत्यापन करते हुए योजना का लाभ देने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने जिले के राजस्व अधिकारियों और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सप्ताह में कम से कम एक दिन अपने प्रभार के क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र का सतत निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की फीडबैक लेने के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में अध्ययनरत बच्चों के



**आंगनबाड़ी केंद्रों का करें सतत निरीक्षण ○ पेंशनधारी हितग्राही निर्धारित लाभ लेने से वंचित न हो ○ कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक**

स्वास्थ्य, पोषण का भी परीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत आये आवेदनों को संधारित करने और अन्य सभी प्रकार के पंजीयों को व्यवस्थित और संधारित करने कहा है।

कलेक्टर ने बैठक में जिले के पेंशन भोगियों के भुगतान राशि की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी हितग्राहियों की पेंशन भुगतान का लाभ पात्रता अनुसार लाभ मिलनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी दशा में कोई भी पेंशनभोगी पेंशन प्राप्त करने में वंचित न हो इसका विशेष परीक्षण करते हुए लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि दसवीं बोर्ड की परीक्षा को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें। कोई भी विद्यार्थी परीक्षा देने से वंचित न हो इसका विशेष ख्याल रखने कहा गया है। यदि किसी विद्यार्थी को परीक्षा देने में कोई समस्या आ रही हो तो तत्काल समाधान करते हुए संबंधित विद्यार्थी को परीक्षा में सम्मिलित कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने से वंचित सभी नागरिकों का अनिवार्य रूप से आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रीष्मकालीन को दृष्टिगत रखते हुए सभी ग्राम पंचायत और गांव में निस्तारी एवं पेयजल की आपूर्ति करने कहा गया है। कलेक्टर ने कहा कि किसी ग्राम पंचायत में पानी की कोई समस्या आ रही हो तो तत्काल उसका निदान करने कहा गया है। कलेक्टर ने बैठक में अग्निवीर वायु सेना में भर्ती के लिए पंजीकृत युवाओं के लिए कोचिंग की व्यवस्था से प्रशिक्षण दिलाने कहा गया है। कलेक्टर ने कहा कि यह जिले के लिए एक उपलब्धि होगी जब कोई युवा वायु सेना में भर्ती होकर जिले का नाम रोशन करेगा। बैठक में कलेक्टर ने अन्य विभागीय अधिकारियों को अपने विभागों में संचालित योजनाओं, सेवाओं, कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करते हुए अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिये गए हैं। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, परियोजना निर्देशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# ब्रेस्ट कैंसर पर अतिथि व्याख्यान

राजनांदगांव (दावा)। कानफ्लुएंस कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा ब्रेस्ट कैंसर पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. संध्या नगरिया (स्पेशलिस्ट गाइनेकोलॉजिस्ट मंगलम हॉस्पिटल,दुर्ग) ने बताया कि ब्रेस्ट नोट्स या स्तन में गांठ का होना ब्रेस्ट कैंसर का शुरुआती लक्षण हो सकता है। लेकिन यह कोई आवश्यक नहीं कि स्तन में बनने वाले प्रत्येक गांठ से स्तन कैंसर होता है। कभी-कभी ब्रेस्ट में सिस्ट से भी गांठ बन जाता है। बावजूद इसके ब्रेस्ट नोट्स के प्रति लापरवाह होने की कतई आवश्यकता नहीं है। स्तन में गांठ बनने की थोड़ी भी आशंका होने पर महिलाओं को तत्काल डॉक्टर से सलाह लेने के बाद स्तन कैंसर की जांच करवाने की आवश्यकता है। जांच में स्तन



कैंसर के लक्षण पाए जाने के बाद महिलाओं को तत्काल हीं विशेषज्ञ डॉक्टर से जांच करानी शुरू कर देनी चाहिए। इसमें थोड़ी भी लापरवाही महिलाओं के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। लड़कियों की अधिक उम्र में शादी और बच्चों को स्तनपान नहीं कराना है स्तन कैंसर का मुख्य कारण हमारे समाज में इन दिनों करियर बनाने और जॉब हासिल करने के इंतजार में लड़कियां अधिक उम्र में शादी करती हैं। इसके साथ ही शादी के बाद भी अपने शरीर की फिगर बिगड़ नहीं जाए, इस डर से मां भी देर से बनती हैं । इतना हीं नहीं मां बनने के बाद भी लड़कियां शरीर का फिगर बिगड़ने के डर से अपने बच्चों को स्तनपान कराने से परहेज करती हैं। यही कारण है कि आजकल की महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर का खतरा काफी बढ़ गया है। महिलाओं द्वारा अपने बच्चों को सही तरीके से स्तनपान कराने से काफी हद तक महिलाएं इस खतरे से बच सकती हैं। सभी उम्र की महिलाओं को इस बात का ध्यान रखने की जरूरत है कि यह परेशानी किसी भी उम्र की महिलाओं को हो सकती है।

# पीएम किसान उत्सव की धूम... किसान सम्मान की जारी हुई 16 वीं किशत

## किसानों के चेहरे पर खुशी... राशि निकालने बैंकों में उमड़ेगी भीड़

राजनांदगांव (दावा)। बुधवार 28 फरवरी को जिले के किसानों ने पीएम किसान सम्मान निधि की 16वीं किश्त जारी होने की खुशी में जोरदार किसान उत्सव मनाया। बताया जाता है कि पीएम किसान सम्मान के तहत जिले में 23 करोड़ की राशि बटेंगी। जिले के एक लाख 16 हजार 292 किसानों को 23 करोड़ 26 लाख रूपए की राशि आधार वेस्ड प्रणाली के माध्यम से सीधे उनके खाते में जाएगी।

बता दे कि पीएम किसान समान निधि योजना एक फरवरी 2019 से संचालित है। इस योजना के तहत किसानों को न्यूनतम आय सहायता प्रदान किया जाता है। जिसकी राशि 6 हजार रूपए प्रति वर्ष किसानों के बैंक खाते में अंतरित की जाती है। इसे तीन समान किश्त दो हजार रूपए में दिया जाता है। बुधवार 28 फरवरी को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 16 वीं किश्त जारी हुई। सहायक कृषि संचालक टीकम ठाकुर ने बताया कि बुधवार को अपरान्ह 4 बजे उक्त राशि जारी की गई। बताते चले कि इस बार पीएम किसान सम्मान निधि की किश्ते मिलने से पहले-किसानों को अपना अनिवार्य रूप से केवाइसी कराने कहा गया था। साथ ही यहां भी बताया गया कि बिना केवाइसी के उनके खाते में किश्त नहीं आएगी। जब केवायसी की प्रक्रिया



पूरी होगी तब ही राशि उनके खाते में डाला जाएगा सहा. कृषि संचालक श्री ठाकुर ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि की राशि जारी कर दी गई है। जिसे बैंक के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### किसान उत्सव की धूम

श्री ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है। अभियान को आगे बढ़ाने के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त जारी होने के दिन को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इसके चलते व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार (आईसीसी) गतिविधियां का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए गांवों में ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किए गये है व पीएम किसान योजना के आधार शिला बन गए है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों के जुटने की जानकारी मिली है। इस दिन ग्राम के मध्य स्थल में ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारी कृषकों की बैठक आयोजन भी किया गया जिसमें किसानों को उनके आधार सिंडेड बैंक खातों में किश्त की राशि जारी होने के सम्बंध में जानकारी दी गई। उक्त जानकारी विभिन्न सोसल मीडिया प्लेट फार्मो. प्रिंट मीडिया आदि के माध्यमो से भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व किसान सम्मान निधि की राशि 26.30 करोड़ रूपए जिले के एक करोड़ ग्यारह हजार 30 किसानों को 15 नवम्बर 2023 को जारी की गई थी वही 16 वीं किश्त की राशि 26.49 करोड़ रूपए जिले के एक लाख 16 हजार 84 किसानों के लिए जारी की गई है। जिसके लिए जिले में 213 ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। जिनकी सहायता से ग्राम स्तर पर किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सम्मान योजना के लाभान्वित होने में राज्य में जिले का स्थान तीसरा है जबकि 2023 में राज्य में चौथा स्थान था।

# शिवनाथ नदी में कल पहुंच जाएगा मटियामोती का पानी

- गर्मी में एहतियातन की दृष्टि से नदी में रखा जा रहा स्टोर
- शहर में रोजाना ढाई करोड़ लीटर पानी की आवश्यकता

राजनांदगांव (दावा)। गर्मी में लोगों को पानी की किल्लत न हो इसलिए नगर निगम द्वारा पहले से ही नदी में पानी लाकर स्टोर किया जा रहा है। चार दिन पहले मटियामोती जलाशय से 150 एफसीएफटी पानी छोड़ा गया था। अब फिर से उक्त जलाशय से पानी मंगाया जा रहा है जो कल तक शिवनाथ नदी में पहुंच जाएगा।

बता दे कि 12 फीट गहरा मोहारा नदी एनीकट में 2 फीट में रेत का जमावड़ा हो गया है जिससे 10 फीट पानी ही बचा है, उसमें भी नीचे काई-गाद आदि जमे हुए है। इधर शहर में पानी टंकिया अधिक होने की वजह से मोहारा एनीकट में पानी की कमी हो गई है। अतः एहतियातन की दृष्टि से निकटस्थ मटिया मोती जलाशय से नदी में पानी लाकर उसे स्टोर किया जा रहा है ताकि शहरवासियों को पानी की कमी महसूस न हो सकें।

### पानी की किल्लत

गत दिनों स्टेशन पारा क्षेत्र के दो-तीन वार्डों में पानी की किल्लत होने की वजह से यहां के रहवासी सड़क पर आ गए थे। हालांकि उसका कारण पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने से था जिसे बाद में ठीक करा लिया गया। इसके बाद भी शहर के अंतर्गत आने वाले आधा दर्जन से अधिक वार्ड में पानी की किल्लत जानने में आ रही है।

स्टेशन पारा के सोलह खोली से लेकर पटरी पार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गौरी नगर, चिखली के भीतर क्षेत्रों के साथ कन्हारपुरी-बजरंगपुर-नवागांव आदि इलाकों में पानी की किल्लत बनी रहने से रोजाना टैंकर के माध्यम से 30 से 40 खेप पानी पहुंचाया जा रहा है। इधर अमृत मिशन योजना के तहत वार्डों में नल कनेक्शन हो जाने के बाद अधिकांश वार्डों में सुबह शाम जलापूर्ति की जा रही है। कई स्थानों में टोटी नहीं होने के कारण पानी की व्यर्थ बरबादी हो रही है। इससे नदी में पानी का काम होना स्वाभाविक है।

### रोजाना ढाई करोड़ लीटर पानी की आवश्यकता

बता दे कि पहले शहर में 8 टंकिया थी जो बढ़कर अब 15 हो गई है। इससे पानी सप्लाई की मात्रा भी बढ़ गई है। निगम सूत्रों की माने तो गर्मी शुरू होने के पहले पानी की खपत बढ़ जाने से प्रतिदिन ढ़ाई करोड़ लीटर पानी की आवश्यकता पड़ रही है।

इस कमी को पूरा करने व मोहारा नदी में पानी का लेवल बढ़ाने के लिए मटिया मोती जलाशय से पानी मंगवाया जा रहा है। जल विभाग के चेयरमैन सतीश मसीह ने बताया कि अभी फिलहाल मटिया मोती से पानी मगवाया जा रहा है इसके अलावा मोगरा जलाशय एवं मोखली जलाशय में भी पानी रिजर्व है। जरूरत पड़ने पर इन जलाशयों से भी पानी मंगवाया जाएगा। फिलहाल एक महिने तक मटिया मोती जलाशय के माध्यम से शहरवासियों को पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी।

# प्रधानमंत्री का संवेदना पत्र व विनयांजलि पहुंचा चंद्रगिरी तीर्थ

## भाव विह्वल हुए लोग

डोंगरगढ़ (दावा)। आचार्य विद्यासागर महाराज के ब्रह्मलीन होने के पश्चात आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का शोक पत्र चंद्रगिरी तीर्थ पहुंचा।

तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष किशोर जैन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज का ब्रह्मलीन होना देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है इस असीम दुख की घड़ी में प्रधानमंत्री जी की संवेदनाएं उनके सभी अनुयायियों और शुभचिंतकों के साथ है।

भारत की पावन भूमि में ऐसे महान विभूतियों ने जन्म लिया जिनका जीवन ज्ञान एवं अध्यात्म के प्रचार प्रसार और समाज सुधार के लिए समर्पित रहा है। इस महान संत परंपरा को आगे ले जाने में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज का प्रमुख स्थान रहा है। उनके जीवन का हर अध्याय अद्भुत ज्ञान असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है ।

सेवा समर्पण और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों और जैन धर्म की मूल भावना का प्रतीक रहा है वे जीवन पर्यंत गरीबी उन्मूलन के साथ-साथ समाज में स्वास्थ्य और शिक्षा को बढ़ावा देने में जुटे रहे वे जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणा स्त्रोत रहे । विभिन्न पंथों परंपराओं और क्षेत्र के लोगों को उनके सानिध्य मिला विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किये।

उन्होंने लिखा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे राष्ट्र की सेवा में निरंतर उनका आशीर्वाद मिलता रहा। चंद्रगिरी पहुंचकर आचार्य श्री से प्रत्यक्ष मुलाकात की थी प्रधानमंत्री ने पत्र में आगे कहा गया है कि, पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के धर्मनगरी डोंगरगढ़ में स्थित चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनसे हुई भेंट में उन्होंने देश की प्रगति और विश्व पटल पर भारत को मिल रहे हैं सम्मान को लेकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की थी उनसे मेरी यह अंतिम मुलाकात मुझे सदैव याद रहेगी। आचार्य जी का जाना मेरे लिए एक मार्गदर्शक को खोने जैसा है मुझे विश्वास है कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज देशवासियों के हृदय और मन मस्तिष्क में सदैव जीवित रहेंगे और उनके संदेश लोगों के जीवन को आलोकित करते रहेंगे। आचार्य जी के मूल्यों को आत्मसात करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते देशवासियों की उन्हें यह एक विनम्र श्रद्धांजलि होगी।

पत्र में उन्होंने आगे लिखा कि महाराज श्री के अनुयायियों और शुभचिंतकों को इस असीमित दुख को सहन करने का धैर्य और साहस मिले मैं यह प्रार्थना करता हूं पत्र के मिलते ही तीर्थ क्षेत्र के कमेटी के लोग भाव विह्वल हो उठे उनकी आंखें सजल हो गई।




# महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए बैंक खाते में कराएं आधार लिंक

## महतारी वंदन योजना अंतर्गत 2 लाख 59 हजार 192 महिलाओं ने आवेदन किया प्रस्तुत

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन की महतारी वंदन योजना अंतर्गत जिले की 2 लाख 59 हजार 192 महिलाओं ने आवेदन प्रस्तुत किया है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इस योजना के प्रति महिलाओं में उत्साह एवं हर्ष दिखा। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में महतारी वंदन योजना के फार्म भरवाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था किए गए थे। फार्म भरने में महिलाओं को कोई दिक्कत नहीं हो, इसके लिए महिलाओं को मार्गदर्शन भी दिया गया। फार्म भरने के लिए महिलाएं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केन्द्र एवं वार्ड कार्यालय में पहुंचीं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर ने बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत डीबीटी (डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर) के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। इस हेतु हितग्राही के बैंक खाते में डीबीटी इनेबल होना चाहिए। महिला



पात्र महिलाओं को डीबीटी के माध्यम से होगा भुगतान

हितग्राही संबंधित बैंक शाखा में पहुंचकर अपने बैंक खाते में आधार बेस्ड डीबीटी इनेबल करा लें। जिससे उनके आधार नंबर से ही उनके खाते में राशि अंतरण हो सके। बैंक खाते से आधार लिंक होने पर ही महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत परियोजना राजनांदगांव शहरी अंतर्गत 36475, परियोजना राजनांदगांव ग्रामीण-1 अंतर्गत 36889, परियोजना राजनांदगांव ग्रामीण-2 अंतर्गत 24802, परियोजना डोंगरगढ़ अंतर्गत 61397, परियोजना डोंगरगांव अंतर्गत 42163, परियोजना छुरिया-1 के अंतर्गत 30550 तथा परियोजना छुरिया-2 अंतर्गत 26916 महिलाओं ने आवेदन प्रस्तुत किया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरूआत की गई है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाएगी। अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च को होगा एवं स्वीकृति पत्र 5 मार्च 2024 को जारी होगा तथा पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च 2024 को किया जाएगा।

# मानव मंदिर चौक में महाकाल भक्त पवन डागा लगवाएंगे बड़ा त्रिशूल

राजनांदगांव (दावा)। बहुचर्चित मानव मंदिर चौक में मानव मंदिर चौक का नामकरण नगर निगम द्वारा जब होगा तब होगा। लेकिन उससे पहले एक बड़ा त्रिशूल वहां शहर के महाकाल भक्तों ने महाशिवरात्रि के पहले स्थापित करने का निर्णय लिया है।



महाकाल समिति की बैठक में शहर जिले के महाकाल भक्तों ने लिया निर्णय

शहर के प्रमुख महाकाल भक्तों के प्रमुख संरक्षक पवन डागा ने बताया कि बड़ा त्रिशूल बनाकर महाकाल मंदिर में रखा गया है। इसे 8 मार्च महाशिवरात्रि के पहले सोमवार को मानव मंदिर चौक में धूमधाम से स्थापित किया जाएगा।

श्री डागा ने आगे बताया कि इस संबंध में बीते सोमवार को नगर जिले के महाकाल भक्तों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि विशाल त्रिशूल बनकर तैयार महाकाल मंदिर में है। जो मानव मंदिर चौक में धर्म का वातावरण पहले की तुलना में और बेहतर बनाने की दिशा में सार्थक पहल होगी।

# मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की माता के निधन पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने जताया शोक

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की माता के निधन पर गहरा शोक जताया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की माता पिस्तादेवी अग्रवाल के साथ की फोटो शेयर करते हुए लिखा कि प्रदेश शासन के वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की पूज्यनीय माता श्रीमती पिस्तादेवी अग्रवाल के निधन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ।

मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य व संबल प्रदान करें। साथ ही उन्होंने एक और पोस्ट में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निवास



निवास स्थान पहुंचकर पार्थिव शरीर को दी श्रद्धांजलि

स्थान पर श्रद्धांजलि की तस्वीर के साथ लिखा कि निशब्द हूँ, व्यथित हूँ।

हमारे साथी और छःग शासन के कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निवास स्थान पहुँचकर उनकी पूज्यनीय माता श्रीमती पिस्तादेवी अग्रवाल जी के पार्थिव शरीर पर पुष्पगुच्छ अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ईश्वर से प्रार्थना है कि मातृशोक जैसे विशाल संकट के समय शोक-संतप्त परिजनों को धैर्य और संबल प्रदान करें।

# कांग्रेसी नेता नीरज ने दी भाजपा ग्रामीण मण्डल के महामंत्री को जान से मारने की धमकी

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा मंडल के महामंत्री कृष्णा तिवारी को मैसेज एवं फोन कर धमकी के मामले में पोलिस अधीक्षक एवं सोमनी थाने में शिकायत हुई कि कांग्रेसी नेता नीरज कन्नौजे द्वारा ग्राम ठाकुरटोला में बाउंड्रीवाल कर अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है।

ग्राम ठाकुरटोला के किसानों को बाउंड्रीवाल खड़े कर देने की वजह से अपने खेत में किसानी कार्य हेतु आने जाने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है उन्हें किसानी कार्य के लिए दूर से घूमकर अपने खेत में जाना पड़ता है साई वाटिका अवैध प्लाइंग के बाउंड्री वाल के अंदर कई किसानों की जमीन है जिसमें किसानी कार्य में आने जाने पर रोक टोक किया जाता रहा, गेट लगाकर गेट में ताला जड़ दिया जाता रहा, किसानी कार्य हेतु परेशान किया जाता रहा, जिससे तंग आकर ग्राम के किसान ने अपने जमीन का सौदा कांग्रेसी नेता निराज कन्नौजे से कर लिए दो साल तक उसके द्वारा रजिस्ट्री नही कराए जाने पर तंग आकर किसान ने अपनी उसी जमीन को उसे नोटिस के माध्यम से समय सीमा से जमीन नही खरीदने पर मैं अपनी जरूरतों के लिये अन्य को बेच दूंगा कह कर किसान द्वारा यह अखबार के माध्यम से इश्तेहार जारी किया गया। अखबार में इश्तेहार पढ़कर कृष्णा तिवारी द्वारा किसान से उक्त एक एकड़ भूमि को किसानी कार्य हेतु सौदा कर सभी शासकीय नियमों का पालन करते हुए जमीन को खरीद कर अपने नाम दर्ज करा लिया, जिससे क्रोधित होकर नीरज द्वारा उस जमीन को अपने नाम दर्ज करवाने के लिए बार-बार फोन पर मैसेज कर एक साल के अंदर हत्या करने की धमकी दी गई।

खेत में जाने पर हत्या करवा देने की धमकी दिया सोचने वाला विषय यह है जब भाजपा के नेता के साथ ऐसा गुंडागर्दी दादागिरी किया जा सकता है तो गांव के आम किसान को किसानी के लिए कितनी दिक्कतों का सामना करना पड़ता होगा, जान से मारने की धमकी की शिकायत पोलिस अधीक्षक एवं सोमनी थाने में भाजपा नेता कृष्णा तिवारी द्वारा की गई है एवं बाउंड्रीवाल कर अवैध प्लाटिंग की शिकायत कलेक्टर के समक्ष की जाने की बात कही।

# समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल एवं राजनांदगाव रनर्स द्वारा स्वास्थ्य जागरुकता शिविर 'संभव' का आयोजन

राजनांदगाव (दावा)। शहर के स्टेडियम रोड पर स्थित, समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल एवं राजनांदगाव रनर्स ग्रुप द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में खेल खुद के दौरान चोटों से उभरने एवं प्रारम्भिक इलाज कि जानकारी दी गयी।



इस आयोजन शिविर मे विभिन्न खेल समूह, स्पोर्ट्स अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया राजनांदगाव, जिम उपयोगकर्ता, राजनांदगाव रनर्स ग्रुप के लोग, स्कूली खिलाड़ी एवं अन्य लोग शामिल हुए, जिसमें विशेष रूप से अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु अनेक बातों को समझाया एवं साझा किया गया जिससे लोगो को स्वास्थ्य के खतरों से बचाया जा सके, इसके साथ ही चोट लगने पर उपाय संबंधित अन्य जानकारी भी दी गयी।

आयोजन में न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ. विवेक शर्मा ने जानकारी दी कि न्यूरोस्पाइन जैसे इंजूरी से किस प्रकार बचाव किया जाये, साथ ही एनेसथेटिस्ट डॉ धर्मवीर चंद्राकर ने सभी उपस्थित लोगों को सी.पी.आर का लाइव डेमोंस्ट्रेशन दिया एवं स्वास्थ्य सम्बंधित आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु जानकारी दी, इसके पश्चात हड्डीरोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश सोनी ने जानकारी दी कि प्रॉपर वार्मप और स्ट्रेचिंग से स्पोर्ट्स इंजूरी से किस प्रकार उभरा जाये. कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के संचालक डॉ. निखर जैन ने बताया कि समदा अस्पताल में इस प्रकार के गंभीर चोट, स्पोर्ट्स इंजूरी, स्पाइन इंजूरी कि दूरबीन द्वारा ऑपरेशन कि सुविधा उपलब्ध है, आगामी दिनों मे यह और भी अनुभवी डॉक्टरों निमंत्रित कर विभिन्न स्वास्थ्य सम्बंधित शिविर का आयोजित करने की योजना है। उपरोक्त जानकारी समदा अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेटर आशीष युसुफ द्वारा दी गयी।

# कल पंडित शिवकुमार शास्त्री की पुण्यतिथि

राजनांदगांव (दावा)। प्रख्यात चिंतक व विचारक तथा भारतीय जनसंघ व भाजपा के पुरोधा वरिष्ठतम नेता पंडित शिवकुमार शास्त्री की 13वी पुण्यतिथि कल 01 मार्च को मनाई जायेगी, इस हेतु जिला भाजपा कार्यालय में पंडित शास्त्री जी को श्रद्धा-सुमन अर्पित करने की तैयारी शुरू हो गई है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि श्री शास्त्री जी के भगीरथ प्रयत्नों से ही क्षेत्र में भाजपा की जड़े मजबूत हुई है, वे ज्योतिष शास्त्र के सुविख्यात विद्वान थे, उनसे परामर्श करने जनसंघ सहित भाजपा के तमाम नेता आते रहे है। ऐसे मनीषी की पुण्यतिथि पर पार्टी के कार्यकर्ता उन्हें जिला भाजपा कार्यालय में दोपहर 11.30 को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उनके पार्टी कार्यालय में लगें प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। श्री पटेल ने पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं से इस अवसर पर उपस्थित रहने का आग्रह किया है।













स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com